■ संक्षिप्त समाचार

www.sanjanabharati.com

दिल्ली और गौतम बुद्ध नगर से प्रकाशित। हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड व उत्तराखंड में प्रसारित

facebook.com/Sanjanabharati


SB NEWS

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# संजना भारती

RNI No. : DELHIN/2016/70240

आपका भरोसा, हमारी ताकत



2 पंजाबी अखबारों की राय: पंजाब में तेजी से... 3 केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने किया नीमराणा... 4 लोहगढ़ में बन रहे बाबा बंदा सिंह बहादुर...

वर्ष: 9 | अंक: 260 | दिल्ली, सोमवार, 14 जुलाई 2025 | पृष्ठ संख्या: 4 | मूल्य: 1 रुपया

## रेलवे यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए सभी डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे लगाएगा

**तमिलनाडु (एजेन्सी)।** तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले में एक लेवल क्रॉसिंग पर एक यात्री ट्रेन के स्कूल वैन से टकराने की दुखद घटना के एक दिन बाद, जिसमें तीन बच्चों की मौत हो गई, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 9 जुलाई को रेलवे सुरक्षा मामलों की समीक्षा की और सभी लेवल क्रॉसिंग पर सीसीटीवी सिस्टम के प्रावधान के लिए निर्देश जारी किए। इसके अलावा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यात्री सुरक्षा बढ़ाने के मकसद से रेलवे के सभी 74 हजार डिब्बों और 15 हजार इंजन में सीसीटीवी कैमरे लगाने का आदेश दिया है। रेल मंत्रालय द्वारा रविवार को जारी एक बयान के अनुसार, वैष्णव और केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने शनिवार को उत्तर रेलवे में परीक्षण के आधार पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के लाभों की समीक्षा की, जिसके बाद यह निर्णय लिया गया। यात्रियों की गोपनीयता बनाए रखने के लिए दरवाजों के पास सामान्य आवागमन क्षेत्र में कैमरे लगाए जाएंगे। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, केंद्रीय रेल मंत्री ने सभी 74 हजार डिब्बों और 15 हजार इंजनों में सीसीटीवी कैमरे लगाने को मंजूरी दे दी है।

## मंत्री रीजीजू ने रोजगार मेले में 100 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए

**नगालैंड (एजेन्सी)।** केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने शनिवार को नगालैंड के दीमापुर में आयोजित रोजगार मेले के दौरान युवाओं को 100 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए। केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री रीजीजू ने मेले में शामिल होने के बाद एक्स पर पोस्ट किया, 107 नियुक्ति पत्र व्यक्तिगत रूप से सौंपे गए और 239 और ईमेल के माध्यम से साझा किए गए, इसके लिए पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे की लुमडिंग डिवीजन को धन्यवाद। उन्होंने कहा, रोजगार मेला सिर्फ भर्ती (के उद्देश्य से) नहीं है, यह राष्ट्र निर्माण है। उन्होंने सभी नए भर्ती हुए लोगों को गर्व के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्हें बधाई देते हुए उन्होंने कहा, आपकी यात्रा एक विकसित भारत के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए रीजीजू ने घोषणा की कि देशभर में 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र जारी किए जा रहे हैं, जिनमें रेलवे, डाक सेवाएं, बैंक, शिक्षा, श्रम एवं रोजगार तथा गृह मंत्रालय जैसे विभिन्न सरकारी विभाग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि रोजगार मेला युवा सशक्तीकरण और तीव्र भर्ती के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करता है।

## नजरबंदी और प्रतिबंध पर राजनीतिक दलों में उबाल

**जम्मू-कश्मीर (एजेन्सी)।** जम्मू-कश्मीर में 13 जुलाई को मनाए जाने वाले कश्मीर शहीद दिवस पर इस साल भी विवाद गहरा गया है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के प्रशासन ने इस दिन किसी भी तरह के कार्यक्रम की अनुमति नहीं दी, जिसके चलते उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली जम्मू-कश्मीर सरकार के कई मंत्रियों, विधायकों और विभिन्न राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं को या तो नजरबंद कर दिया गया या हिरासत में ले लिया गया। यह दिन 1931 में हुए नरसंहार की बरसी के तौर पर मनाया जाता है, जब ब्रिटिश शासन के अधीन तत्कालीन जम्मू-कश्मीर रियासत के शासक हरि सिंह के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान कई लोग मारे गए थे।

# सीएम ने हाफ मैराथन में दौड़ लगाकर युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए किया प्रेरित

## 'प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने में युवाओं का होगा अहम योगदान'

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि करीब साढ़े 10 वर्षों से नशे की समस्या के खिलाफ हमारे युवा पूरे हरियाणा प्रदेश में एकजुट होकर कार्य कर रहे हैं। पिछले दिनों पूरे हरियाणा में नशे के खिलाफ साइक्लोथॉन यात्रा निकाली गई, जिसमें करीब साढ़े 7 लाख से ज्यादा युवाओं ने भाग लिया। साथ ही प्रदेश के विभिन्न जिलों में मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नशा समाप्त होगा तो हमारा युवा स्वस्थ होगा और समाज, प्रदेश और देश प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का विजन है, जिसे पूरा करने में युवाओं का अहम योगदान रहेगा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार सुबह कैथल में अंबाला रोड पर आयोजित हाफ मैराथन को हरी झंडी दिखाने से पूर्व हजारों की संख्या में इस आयोजन में भाग ले रहे प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। हॉफ मैराथन के ब्रांड एंबेसडर पैरालम्पिक पदक विजेता हरविंदर सिंह व पर्वतारोही रीना भट्टी ने भी हाफ मैराथन में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने स्वयं भी दौड़ लगाकर युवाओं को




स्वस्थ रहने व नशे के खिलाफ एकजुट होने के लिए प्रेरित किया, ताकि प्रदेश को पूरी तरह से नशा मुक्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है, जो व्यक्ति को ही नहीं, पूरे परिवार और समाज को खोखला कर देती है। यह न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि सामाजिक ताने-बाने को भी कमजोर करता है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हमारे युवा देश का भविष्य हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि आज वे संकल्प लें की वे न तो स्वयं नशा करेंगे और दूसरों को भी नशा न करने के लिए जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त हरियाणा सिर्फ एक नारा नहीं है, बल्कि यह हम सबका संकल्प है। इसको पूरा करने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि आज के कार्यक्रम में भाग ले रहे हजारों की संख्या में स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी, खिलाड़ी, पुलिस के जवान, स्वयंसेवकों को देखकर उन्हें विश्वास है कि हरियाणा को नशा मुक्त करने का हमारा सपना अवश्य साकार होगा।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हॉफ मैराथन में विजेता रहे प्रतिभागियों को सम्मानित किया। दस किलोमीटर की दौड़ में पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान पर प्रकाश, द्वितीय स्थान पर मोहित तथा तृतीय स्थान पर रोहित वर्मा रहे। वहीं महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर अंजली देवी, द्वितीय स्थान पर सुनीता, तृतीय स्थान पर बबिता रही। मुख्यमंत्री द्वारा उन्हें क्रमशः एक लाख रुपये, 75 हजार रुपये, 50 हजार रुपये के चैक व मैडल पहनाकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर विधायक सतपाल जाम्बा, जिला भाजपा अध्यक्ष ज्योति सैनी, भाजपा वरिष्ठ नेता अशोक कुमार गुर्जर, जिला भाजपा प्रभारी अमरपाल राणा, पूर्व राज्यमंत्री कमलेश ढांडा, पूर्व विधायक लीला राम, कुलवंत बाजीगर, जिला परिषद के चेयरमैन कर्मबीर कौल, नगर परिषद की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग, पूर्व चेयरमैन कैलाश भगत, पूर्व चेयरमैन अरूण सर्राफ, पूर्व जिलाध्यक्ष मुनीष कठवाड़, युवा भाजपा नेता तुषार ढांडा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्यकारी अधिकारी (कम्यूनिटी, पुलिसिंग एवं आउटरीच) पंकज नैन, डीसी प्रीति, एसपी आस्था मोदी, आरटीए गिरिश कुमार, जिप सीईओ सुरेश राविश, डीएमसी सुशील कुमार, एसडीएम अजय हुड्डा, एसडीएम अजय सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# दिल्ली के अंतिम छोर तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना सरकार की प्राथमिकताः रविन्द्र इंद्राज

## दिल्ली जल बोर्ड की नई पेयजल पाइपलाइन परियोजना का शुभारंभ



**संजना भारती संवाददाता**

**नई दिल्ली।** समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव एवं सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने रविवार को बवाना विधानसभा के अंतर्गत रोहिणी सेक्टर-20 में दिल्ली जल बोर्ड की नई पेयजल पाइपलाइन परियोजना का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर रविन्द्र इंद्राज ने कहा कि दिल्ली के अंतिम छोर तक बुनियादी सुविधाएं पहुँचाकर गरीब और वंचित वर्ग को राहत देना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। दो माह में यह परियोजना पूरी हो जाएगी और सेक्टर 20 की पुनर्वास कॉलोनियों के सभी ब्लॉकों में रहने वाले परिवारों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिलने लगेगी। यह क्षेत्र विगत 30 वर्षों से पेयजल संकट से जूझ रहा था, जिसे अब स्थायी समाधान दिया जा रहा है।

इसके बाद रविन्द्र इंद्राज ने मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के शक्ति नगर में जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी



और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली को विकसित दिल्ली बनाने का संकल्प जनसहयोग से साकार हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि मिंटो ब्रिज सहित विभिन्न क्षेत्रों में इस वर्ष जलभराव में कमी और दिल्ली के प्रदूषण स्तर में गिरावट, सुशासन और सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। सड़क, पानी और बिजली जैसी आधारभूत सुविधाओं पर तेजी से कार्य हो रहा है।

समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि पहली बार दिल्ली में नशामुक्ति अभियान को लेकर इतनी गंभीरता से कार्य हो रहा है। अंतरराष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस पर भव्य आयोजन किया गया, और अब तक दो जिलों में जिलास्तरीय बैठकें हो चुकी हैं। आने वाले समय में सभी 11 जिलों में बैठकें आयोजित की जाएंगी। एससी/ एसटी/ओबीसी छात्रों की छात्रवृत्ति समय पर सुनिश्चित करने के साथ-साथ, पूर्व में बंद पड़े छात्रावासों को पुनः प्रारंभ करने की भी योजना है। सहकारिता से समृद्धि के संकल्प को पूरा करने में सरकार जुटी है।

कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रवीण खंडेलवाल, विधायक अशोक गोयल एवं निगम पार्षद रेनू अग्रवाल भी उपस्थित रहीं।

# दिल्ली हाट पीतमपुरा में 25 जुलाई से रेखा सरकार करेगी तीन दिवसीय तीज मेले का भव्य आयोजन

**एसबी संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार महिला सशक्तिकरण, सांस्कृतिक समृद्धि और सामुदायिक समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजधानी में एक भव्य तीज मेला आयोजित करने जा रही है। यह आयोजन 25 जुलाई से 27 जुलाई तक दिल्ली हाट, पीतमपुरा में किया जाएगा। इस आयोजन का उद्घाटन दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता 25 जुलाई की शाम करेंगी। मेले में 26 जुलाई को एक भव्य सेलिब्रिटी नाइट का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें लोकप्रिय कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। इस दौरान तीनों दिन दिन-भर लोकनृत्य, लोकगीत, मैजिक शो आदि तीज मेले की शोभा बढ़ाएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह मेला हमारी सांस्कृतिक विरासत, महिला शक्ति और पारंपरिक कलाओं का उत्सव होगा। जिसमें हर पीढ़ी के लिए कुछ न कुछ खास शामिल रहेगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस वर्ष तीज महोत्सव को खास बनाने के लिए आयोजन स्थल को विषय आधारित भव्य सजावट से सजाया जाएगा। पूरे परिसर को पारंपरिक तीज थीम के अनुरूप तैयार किया जाएगा, जिसमें 3-डी एंट्री गेट, रंग-बिरंगे झूमर व लाइट्स, एलईडी और स्पॉट लाइट्स का उपयोग किया जाएगा। इस मेले में आने वाले लोगों को डिजिटल अनुभव देने की पूरी तैयारी की गई है। आयोजन स्थल पर कम से कम तीन थीम आधारित सेल्फी बूथ होंगे, जिनमें एक एआर सेल्फी बूथ शामिल रहेगा। इसके साथ ही एआई की मदद से मेहंदी डिजाइन चुनने और उसी स्थान पर उसे लगाने की सुविधा भी उपलब्ध कराई



जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि तीज मेले में पारंपरिक कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए 80 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे। इनमें हस्तशिल्प, पारंपरिक कपड़े, चूड़ी, ब्लॉक प्रिंटिंग, एम्ब्रॉयडरी, मेंहदी और पारंपरिक व्यंजन आदि शामिल होंगे। साथ ही महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं और स्टेज प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इनमें मेंहदी, रंगोली, बिंदी सजावट, तीज क्वीन, तीज क्विज और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता प्रमुख रहेंगी। इन सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। 18 जुलाई को 'Women in Green' नामक विशेष फैशन वॉक का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें मिस तीज 2025 का चयन होगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि तीज मेले में महिलाओं के लिए पूरे दिन झूले और फन एक्टिविटीज की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य और सामाजिक मुद्दों पर केंद्रित वर्कशॉप भी आयोजित होंगी।

# विजेंद्र गुप्ता ने उपराष्ट्रपति से की शिष्टाचार भेंट

**एसबी संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष श्री विजेंद्र गुप्ता ने उपराष्ट्रपति भवन में भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से शिष्टाचार भेंट की। यह भेंट लोकतांत्रिक संवाद और संस्थागत सहयोग की भावना को दशार्ती है, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में विधायी प्रणाली को सुदृढ़ करना है।

इस अवसर पर श्री गुप्ता ने माननीय उपराष्ट्रपति को दिल्ली विधानसभा के संचालन को आधुनिक और पारदर्शी बनाने हेतु किए जा रहे विभिन्न ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी प्रयासों की जानकारी दी। श्री गुप्ता ने माननीय



उपराष्ट्रपति को दिल्ली विधानसभा का 100 दिनों के कार्यकाल पर विरासत से विकास की ओर शीर्षक से प्रकाशित एक विशेष बुकलेट भी भेंट की। विधानसभा अध्यक्ष ने नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन (ठीशअ) के अंतर्गत विधानसभा को पूर्णतया डिजिटल बनाने की दिशा में किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। इस पहल का उद्देश्य कागजरहित वातावरण सुनिश्चित करना, सदस्यों के बीच रीयल-टाइम संचार को संभव बनाना और विधायी कार्य प्रणाली को अधिक पारदर्शी एवं कुशल बनाना है kश्री गुप्ता ने विधानसभा परिसर को सौर ऊर्जा से पूर्णतः संचालित करने की योजना के बारे मे बताया। 500 किलोवॉट की सोलर पावर परियोजना के माध्यम से पूरा विधानसभा परिसर अब नवीकरणीय ऊर्जा पर कार्य करेगा, जो सतत और पर्यावरण अनुकूल की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# 23वीं अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स जीत कूने डो प्रतियोगिता मुंबई अंधेरी वेस्ट में हुई संपन्न

## लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने सभी खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**संजना भारती संवाददाता**

**नई दिल्ली।** 23वीं अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स जीत कूने डो प्रतियोगिता स्पोर्ट्स कंपलेक्स मुंबई अंधेरी वेस्ट में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में चार देशों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में भारत, नेपाल, श्रीलंका और भूटान के टोटल 950 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सभी ने अपना बेहतरीन से प्रदर्शन किया। फर्स्ट नंबर पर श्रीलंका, सेकंड नंबर पर भारत और थर्ड नंबर पर नेपाल ने ट्रॉफी जीती।

इस चैंपियनशिप के में भारत के 475 खिलाड़ियों ने भाग लिया। भारत का नेतृत्व राकेश कुमार चित्तौड़ी, आनंद कुमार गौहर और विजेंद्र गौहर ने किया। इस टीम में संजय नितिन, गौहर कुमारी, सर्वेश टीम ने इस चैंपियनशिप की संपूर्ण जिम्मेदारी उठाई और चैंपियनशिप को एक अच्छा प्लेटफॉर्म दिया। यूपी और दिल्ली की टीम ने अपना दमदार प्रदर्शन कर भारत को द्वितीय ट्रॉफी से सम्मानित कराया।

शिवा गोल्ड मेडल समर सिंह राणा, गोल्ड मेडल नितेश बंसल, गोल्ड मेडल दिव्यांशी, बिष्ट गोल्ड मेडल सृष्टि शर्मा, गोल्ड मेडल शिवम गौर, ब्राउंस मेडल जीतकर अपने स्कूल विद्यादीप पब्लिक स्कूल का व अपने माता-पिता और कोच का नाम रोशन किया। सभी ने पूरी



ईमानदारी के साथ चैंपियनशिप में फाइट की, सभी बच्चों को उनके कोच राकेश कुमार चितौड़ी ने आशीर्वाद देकर और मेडल देकर सम्मानित किया।

इस चैंपियनशिप के ग्रैंडमास्टर इंडिया मिस्टर राजेंद्र कुमार गिहरा ब्लैक बेल्ट 10th रैंक ने सभी बच्चों को मेडल ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। जब सभी टीम के खिलाड़ी मुंबई से लौटकर उत्तर प्रदेश, इंद्रपुरी लोनी गाजियाबाद पहुंची तब कॉलोनीवासियों ने ढोल ताशा के साथ टीम का स्वागत किया सभी बहुत खुश थे।

जब टीम ने लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर के घर पहुंची तो विधायक ने टीम का मान सम्मान बढ़ाया और सभी को मिठाइयां बांटी तथा सभी को सम्मानित धनराशि भी




दिया। एक लड़की दिव्यांशी बिष्ट को जो कि पैसे में थोड़ी कमजोर थी उसे अपनी तरफ से चैंपियनशिप में बने रहने के लिए कहा कि तुम प्रेक्टिस करो तुम्हारा सारा खर्च में उठाऊंगा। इस अवसर पर सभी ने विधायक नंदकिशोर गुर्जर को धन्यवाद दिया।

# मिट्टी के बर्तन बनाना मात्र एक कला ही नहीं, प्रजापति समाज की कलात्मक सोच, उसकी कुशलता और कौशल का प्रतीकः नायब सैनी

## भिवानी में आयोजित हुआ राज्य स्तरीय महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती समारोह

**संजना भारती संवाददाता**

**चण्डीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मिट्टी से बर्तन बनाने की कला हमारी अमूल्य धरोहर है, मिट्टी के बर्तन बनाना मात्र एक कला ही नहीं है बल्कि प्रजापत समाज की कलात्मक सोच, उसकी कुशलता और कौशल का प्रतीक है। सरकार का दृढ़ संकल्प है कि हरियाणा के हर मेहनतकश को सम्मान मिले, उसे ताकत मिले और उसकी प्रगति के नए रास्ते खुलें। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यह बात आज जिला भिवानी में आयोजित राज्य स्तरीय महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती समारोह में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कही। इससे पहले मुख्यमंत्री ने महाराजा दक्ष प्रजापति के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अनेक बड़ी घोषणाएं की और भिवानी जिला को विकास कार्यो की सौगात देते हुए 234 करोड़ 38 लाख रुपये की लागत की 19 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसमें 87 करोड़ 42 लाख रुपये की लागत की 6 परियोजनाओं के उद्घाटन और लगभग 147 करोड़ रुपये लागत की 13 परियोजनाओं के शिलान्यास शामिल हैं। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि अगले 15 दिनों में प्रदेश के 2 हजार गांवों में जहां पंचायती भूमि उपलब्ध है, वहां पर प्रजापति समाज को भूमि उपलब्ध करवा दी जाएगी ताकि कि उन्हें मिट्टी के बर्तन बनाने के लिए मिट्टी जुटाने में दिक्कत न



आए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें खसरा नम्बर सहित जमीन की पूरी जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी। इस अवसर पर उन्होंने भिवानी जिला के प्रजापति समाज के लाभार्थियों को जमीन के अधिकार पत्र भी प्रदान किए। उन्होंने यह भी घोषणा की सूक्ष्म उद्यम शुरू करने वाले प्रजापति समुदाय के लोगों को ह्यहरियाणा ग्रामीण औद्योगिक योजनाह्य के तहत वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इसके तहत प्रदेश के बी, सी तथा डी श्रेणी के ब्लॉकों में मशीनरी तथा भवन निर्माण पर किए गए निवेश पर 15 प्रतिशत की दर से पूंजीगत सब्सिडी दी जाएगी। इसके अलावा, 7 वर्षों के लिए सावधि ऋण पर 7 प्रतिशत या अधिकतम 8 लाख रुपये प्रतिवर्ष की दर से ब्याज सब्सिडी भी दी जाएगी। इसके अलावा, उन्होंने भिवानी विधानसभा के शहर व गांव में विभिन्न विकास कार्यों के लिए अलग से 5 करोड़ रुपए देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने महाराजा दक्ष प्रजापति को नमन करते हुए कहा कि वें एक महान राजा, दूरद्रष्टा, कुशल प्रशासक और सृष्टि के विस्तारक थे। उन्होंने समाज को एक अनुशासित और व्यवस्थित ढाँचा प्रदान किया। प्रजापत समाज का देश और हरियाणा के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मिट्टी से बर्तन तथा मूर्तियां बनाने की कला देश की सभ्यता से भी जुड़ी हुई है। आज तक इतिहास को जानने के लिए जितनी भी खुदाई हुई है, उनमें दूसरी वस्तुओं के साथ-साथ मिट्टी के बर्तन व मूर्तियां जरूर मिली हैं। प्रदेश के बनवाली व राखीगढ़ी गांवों में खुदाई के दौरान सिन्धु घाटी सभ्यता के समय की मिट्टी की मूर्तियां और बर्तन मिले हैं। इतिहास की जानकारी में भी प्रजापत समाज का महान योगदान है। प्रजापति समाज ने चाक के आविष्कार से अपनी कला को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

इस अवसर पर विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली, सांसद धर्मबीर सिंह व रामचंद्र जांगडा, विधायक रणधीर पनिहार, कपूर वाल्मीकि, घनश्याम सर्राफ सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

## मोदी-योगी ने बदली पूर्वांचल की तस्वीर

**पूर्वांचल** के ग्रामीण इलाकों में स्वच्छ पेयजल पहुंचाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने क्षेत्र की दशा और दिशा बदल दी है। जल जीवन मिशन के प्रभाव का आकलन करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवी संगठन वाटरएड इंडिया और दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विवि के जियोग्राफी डिपार्टमेंट ने पूर्वांचल के गोरखपुर मंडल के तीन जिलों गोरखपुर, कुशीनगर और महाराजगंज में विस्तृत अध्ययन किया। तीन महीने तक समूह चर्चा, साक्षात्कार और आंकड़ों के विश्लेषण से यह निष्कर्ष निकला कि इस योजना ने स्वास्थ्य, शिक्षा, आर्थिक विकास और सामाजिक समरसता के क्षेत्रों में व्यापक सकारात्मक बदलाव किए हैं। पंचायती राज के प्रतिनिधि, स्थानीय निकाय और जिला से लेकर ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के सहयोग से हर जिले के पांच-पांच गांवों का सर्वे कर परिवर्तन का गहनता से अध्ययन किया गया है। वाटरएड इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्वांचल के 93 प्रतिशत ग्रामीण घरों तक अब नल से शुद्ध और सुरक्षित पेयजल पहुंच रहा है। पहले जहां लोग कुएं, हैंडपंप या अन्य स्रोतों पर निर्भर थे, वहीं अब अधिकांश परिवार पीने से लेकर खाना पकाने तक के लिए नल के पानी का उपयोग कर रहे हैं। इससे पुराने जल स्रोतों पर निर्भरता में भारी कमी आई है। स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता से ग्रामीण क्षेत्रों में जल जनित और संक्रामक रोगों में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। रिपोर्ट के अनुसार अब लोगों को पेट संबंधी बीमारियों, त्वचा रोगों और दस्त जैसी समस्याओं से राहत मिल रही है। इससे न केवल चिकित्सा खर्च कम हुआ है, बल्कि लोगों की कार्यक्षमता भी बढ़ी है। जल जीवन मिशन के तहत स्कूलों में भी नल कनेक्शन पहुंचने से स्वच्छता स्तर में सुधार हुआ है। बच्चों को शुद्ध पानी मिल रहा है जिससे वे कम बीमार पड़ते हैं। इसका सीधा असर शैक्षिक उपस्थिति में वृद्धि और ड्रॉपआउट दर में कमी के रूप में सामने आया है। ग्रामीणों ने बताया कि अब बच्चे अधिक नियमित रूप से स्कूल जा रहे हैं। पाइपलाइन बिछाने, पानी की टंकी का निर्माण और देखरेख जैसे कार्यों में स्थानीय लोगों को काम मिला है। इससे ग्रामीणों की आय में बढ़ोतरी हुई है और उन्हें स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। खासकर तकनीकी कार्यों के लिए प्रशिक्षित युवाओं को लाभ मिला है। पहले जहां महिलाओं को मीलों दूर से पानी लाना पड़ता था, वहीं अब नल का जल घर तक पहुंचने से उनका श्रम और समय दोनों बच रहा है। महिलाएं अब अन्य रचनात्मक कार्यों में भागीदारी कर रही हैं। समाज में भेदभाव की स्थिति में भी कमी आई है, जिससे सामाजिक समरसता और पारिवारिक सौहार्द बढ़ा है। इस त्वरित अध्ययन में प्रत्येक जिले के पांच-पांच गांवों को शामिल किया गया। सर्वे में भाग लेने वाले अधिकतर ग्रामीणों ने माना कि हर घर जल योजना ने उनके जीवन में अभूतपूर्व परिवर्तन किया है। स्वच्छ जल की उपलब्धता ने उन्हें स्वस्थ, सुरक्षित और आत्मनिर्भर जीवन जीने का भरोसा दिया है।

### जयंती

**चन्द्रभानु गुप्त**

जन्म-14 जुलाई, 1902 ई., अलीगढ़, उत्तर प्रदेश; मृत्यु-11 मार्च, 1980 ई.) भारत के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे। उन पर 'आर्य समाज' का बहुत गहरा प्रभाव था। वर्ष 1926 से ही सी.बी. गुप्त 'उत्तर प्रदेश कांग्रेस' और 'अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी' के सदस्य बन गए थे। कई विभागों में मंत्री रहने के बाद चन्द्रभानु जी वर्ष 1960 से 1963 तक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने समाज सेवा के क्षेत्र में भी अनेक काम किए। लखनऊ और गोरखपुर जैसे शहरों को आधुनिक व विकासशील बनाने की पहल करने वाले सी.बी गुप्त को लोग मजबूत प्रशासन, जुझारू नेतृत्व व बड़प्पन के लिए आज भी याद करते हैं।

### पुण्यतिथि

**मदन मोहन**

जन्म-25 जून, 1924, बगदाद, इराक; मृत्यु-14 जुलाई, 1975, मुम्बई, महाराष्ट्र) हिन्दी फि ल्मों के एक प्रसिद्ध संगीतकार थे। अपनी गजलों के लिए प्रसिद्ध इस संगीतकार का पूरा नाम 'मदन मोहन कोहली' था। अपनी युवावस्था में वे एक सैनिक थे। बाद में संगीत के प्रति अपने झुकाव के कारण ऑल इंडिया रेडियो से जुड़ गए। तलत महमूद तथा लता मंगेशकर से उन्होंने कई यादगार गजलें गंवाई, जिनमें "आपकी नजरों ने समझा, प्यार के काबिल मुझे" जैसे गीत शामिल हैं। मदन मोहन 1950, 1960 और 1970 के दशक में बॉलीवुड फिल्म संगीत के ख्यातिप्राप्त निर्देशक थे।

### कल मिलेंगे

ट्रेन में लिखा था, 'बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्री होशियार!
उसी ट्रेन में चिंटू भी जा रहा था.
उसने ये लाइन पढ़ी और बोला-वाह, जो टिकट न खरीदे वो होशियार
हमने जो खरीद के रखी है, तो हम बेवकूफ हैं क्या?

**संजना भारती दैनिक**

**भगवान शंकर जी के 11वें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक-**संजय कुमार** द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-41, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित तथा ए-281सी, गली नं. 3, ए-ब्लॉक, अम्बिका विहार, शिव विहार, दिल्ली-110094 से प्रकाशित। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत संपादक उत्तरदायी।

**RNI No. : DELHIN/2016/70240**

**Phone No.: 9871221635**
**E-mail ID:** sanjanabharati16@gmail.com

(किसी भी वाद-विवाद में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही होगा।)

# पंजाबी अखबारों की रायः पंजाब में तेजी से बिगड़ रही कानून-व्यवस्था

**जालंधर से प्रकाशित रोजाना पंजाब टाइम्स लिखता है-वर्ष 2023-24 की रिपोर्टों के अनुसार, पंजाब में जबरन वसूली और धमकियों से जुड़े मामलों में वृद्धि देखी गई है। पंजाब पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, जून 2022 से फरवरी 2023 तक जबरन वसूली और धमकी के 278 मामले दर्ज किए गए, जो मार्च 2023 से दिसंबर 2023 तक बढ़कर 307 हो गए। यह वृद्धि समाज और पुलिस प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती पेश कर रही है**

-डॉ. आशीष वशिष्ठ

**पंजाब** में तेजी से बिगड़ती कानून-व्यवस्था, महाराष्ट्र में उद्धव और राज ठाकरे का गठबंधन और बिहार में चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण और उस पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों पर इस हफ्ते पंजाबी अखबारों ने अपनी राय प्रमुखता से रखी है।

सूबे की कानून व्यवस्था पर चंडीगढ़ से प्रकाशित पंजाबी ट्रिब्यून अपने संपादकीय "पंजाब में बढ़ता अपराध" में लिखता है-अबोहर के व्यापारी संजय वर्मा की दिनदहाड़े हत्या और मोगा के एक क्लीनिक में अभिनेत्री तानिया के पिता की गोली मारकर हत्या ने एक तरह से यह उजागर कर दिया है कि किस तरह संगठित अपराध राज्य में आपराधिक गतिविधियों को आसानी से अंजाम दे रहा है। अखबार लिखता है शिक्षित युवाओं में बेरोजगारी, नशे की लत व जल्दी पैसे कमाने का लालच कई पंजाबी युवाओं को अपराध की ओर धकेल रहा है। सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार और गैंगस्टरों का महिमामंडन आग में घी डालने का काम कर रहा है। पंजाब में आपराधिक-आतंकवादी गठजोड़ अब स्थानीय नहीं रहा; यह अंतर्राष्ट्रीय, तकनीकी रूप से सक्षम और वैचारिक रूप से अस्थिर हो गया है। यह संकट जितना लंबा चलेगा, पंजाब के भविष्य को पटरी पर लाना उतना ही मुश्किल होता जाएगा।

जालंधर से प्रकाशित 'पंजाबी जागरण' लिखता है- पंजाब पिछले कुछ समय से आपराधिक गतिविधियों में बढ़ोतरी के कारण सुर्खियों में है। अबोहर में हुई एक घटना ने पूरे राज्य में सनसनी फैला दी है। लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े एक समूह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए इस घटना की जिम्मेदारी ली है। ऐसा नहीं है कि राज्य में इस तरह की यह पहली घटना है। यह घटना आम बात है। अबोहर की घटना ने पंजाब में जबरन वसूली के बढ़ते मामलों पर भी प्रकाश डाला है। जालंधर से प्रकाशित अजीत लिखता है- आजकल पूरे राज्य में लूटपाट का बोलबाला है। अबोहर की घटना के बाद सरकार एक बार फिर विपक्षी दलों के निशाने पर आ गई है। विपक्ष खासकर कांग्रेस ने मुख्यमंत्री से विधानसभा में कानून व्यवस्था के मुद्दे पर विशेष बहस की मांग की है।

जालंधर से प्रकाशित रोजाना पंजाब टाइम्स लिखता है-वर्ष 2023-24 की रिपोर्टों के अनुसार, पंजाब में जबरन वसूली और धमकियों से जुड़े मामलों में वृद्धि देखी गई है। पंजाब पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, जून 2022 से फरवरी 2023 तक जबरन वसूली और धमकी के 278 मामले दर्ज किए गए, जो मार्च 2023 से दिसंबर 2023 तक बढ़कर 307 हो गए। यह वृद्धि समाज और पुलिस प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती पेश कर रही है। अखबार लिखता है, सिद्धू मूसेवाला की हत्या ने संगठित अपराध की गंभीरता को उजागर किया, लेकिन इसके खिलाफ कोई बड़ी कार्रवाई नहीं हुई। जबरन वसूली की घटनाओं ने पंजाब के व्यापारियों और छोटे उद्योगपतियों में भय का माहौल पैदा कर दिया है। कई व्यापारी और कलाकार धमकियों के कारण अपना व्यवसाय या पेशा छोड़ने की सोच रहे हैं। इसका राज्य की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

चंडीगढ़ से प्रकाशित रोजाना स्पोक्समैन लिखता है, इस साल अब तक चंडीगढ़ में हत्या के 15 मामले दर्ज किए गए हैं। आंकड़े बताते हैं कि तेजी से हो रहे शहरीकरण, अन्य कारकों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश और बिहार से पंजाब और चंडीगढ़ की ओर युवा पीढ़ी के बढ़ते पलायन के कारण भी गंभीर और घातक अपराधों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। जिन व्यवसायों में स्थानीय लोगों की विशेषज्ञता है, उनमें बाहरी लोगों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने जैसी मांगें राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर उठने लगी हैं। पंजाब और चंडीगढ़ को भी अब इस दिशा में कुछ सार्थक कदम उठाने की जरूरत है।

बिहार में चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण और इस बाबत सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्देशों पर चंडीगढ़ से प्रकाशित 'पंजाबी ट्रिब्यून' लिखता है- सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को जारी रखने की अनुमति दे दी है, लेकिन साथ ही उसने चुनाव आयोग से एक बहुत ही प्रासंगिक प्रश्न पूछा हैः अभी क्यों? अदालत ने यह बिल्कुल सही बात कही है कि विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले इस तरह की कवायद से लोगों के मन में संदेह पैदा होना स्वाभाविक है। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया है कि इस प्रक्रिया में आधार कार्ड पर विचार क्यों नहीं किया जा रहा है। उसका मानना है कि चुनाव अधिकारियों को आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड पर विचार करना चाहिए। चंडीगढ़ से प्रकाशित 'देशसेवक' लिखता है- छोटी-मोटी बाधाओं के बावजूद, चुनाव आयोग ने न केवल देश में, बल्कि दुनिया में भी सम्मान अर्जित किया है। बिहार चुनावों में चुनाव आयोग के सामने अपनी ईमानदारी बचाने की चुनौती है। जालंधर से प्रकाशित 'अज दी आवाज' लिखता है-बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चुनाव जीतने के लिए हर हथकंडा अपना रहे हैं।

बिहार में कानून-व्यवस्था की स्थिति ठीक नहीं है। रसूखदारों और कारोबारियों की हत्याओं की घटनाओं ने राज्य सरकार की छवि को गहरा धक्का पहुंचाया है। युवा बेरोजगार हैं और आम जनता महंगाई की मार झेल रही है। ऐसे में नीतीश कुमार ने भी अन्य राजनेताओं की तरह चुनाव के दौरान जनता को लुभाने के लिए बड़े-बड़े ऐलान किए हैं। अखबार आगे लिखता है, बिहार सरकार द्वारा कल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत के लिए चुना गया समय उसकी ईमानदारी पर सवाल उठा रहा है। अगर सरकार वाकई लोगों की समस्याओं के प्रति गंभीर और सजग होती, तो ये घोषणाएं एक-दो साल पहले ही की जा सकती थीं। यह तो समय ही बताएगा कि सरकार के अंतिम दिनों में मतदाताओं को लुभाने के लिए की गई घोषणाएं कारगर साबित होती हैं या नहीं।

महाराष्ट्र में उद्धव और राज ठाकरे के गठबंधन पर जालंधर से प्रकाशित 'अज दी आवाज' लिखता है-मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार द्वारा राज्य में हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाने के फैसले ने दोनों चचेरे भाइयों, उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे को करीब आने का अवसर दिया। ऐसा लगता है मानो दोनों नेता साथ आने के मौके का इंतजार कर रहे थे। फिलहाल, ये दोनों पार्टियां अपना अस्तित्व बचाए रखने के लिए संघर्ष कर रही हैं।

ठाकरे भाइयों का तात्कालिक लक्ष्य प्रतिष्ठित मुंबई नगर निगम में पैर जमाना है। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति और विपक्षी एमवीए दोनों ही आंतरिक मतभेदों से घिरे हुए हैं। राज्य में स्थानीय निकाय चुनावों के मद्देनजर, आगामी समय में महाराष्ट्र की राजनीति में और अधिक उतार-चढ़ाव देखने को मिलेंगे और उनका प्रदर्शन राजनीति में उनका भविष्य भी तय करेगा। इसके अलावा एक बड़ा सवाल यह भी है कि क्या ये दोनों स्थानीय चुनाव अकेले लड़ेंगे या एमवीए के सहयोगी कांग्रेस और शरद पवार के साथ मिलकर लड़ेंगे।

चंडीगढ़ से प्रकाशित 'पंजाबी ट्रिब्यून' लिखता है- शिवसेना के एक धड़े के प्रमुख उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे द्वारा हताशा में अपनाया गया यह अंतिम उपाय है। शिवसेना संस्थापक बालासाहेब ठाकरे के बेटे उद्धव और भतीजे राज ठाकरे अपनी राजनीतिक किस्मत चमकाने के लिए 'मराठी मानुष' कार्ड पर भरोसा कर रहे हैं। वे भाजपा पर किसी न किसी बहाने महाराष्ट्र के लोगों को बांटने का आरोप लगा रहे हैं; हालांकि, उनकी लड़ाई केवल भगवा पार्टी के खिलाफ ही नहीं है, बल्कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली 'आधिकारिक' शिवसेना के खिलाफ भी है। ठाकरे बंधुओं के पुनर्मिलन का मतलब है कि शिंदे अब मराठी वोट को हल्के में नहीं ले सकते।

(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# महाराष्ट्रः एक बार फिर से दहाड़ रहा है बाघ

**राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) लंबे समय तक सक्रिय रहने के बाद भी कुछ खास राजनीतिक प्रगति नहीं कर पाई है। 2024 के चुनावों में मनसे 288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा में एक भी सीट नहीं जीत पाई जबकि उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) केवल 20 सीटें ही जीत सकी। बाल ठाकरे के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती शिवसेना में खतरे, भय और करिश्मे के मिश्रण ने कैडर और समर्थकों दोनों को कंट्रोल में रखा**

-लेखा रत्तनानी

**बालासाहेब** केशव ठाकरे द्वारा 1966 में शिवसेना की स्थापना के बाद से लगभग छह दशकों तक उनकी पार्टी एक ऐसे राज्य में राजनीति की केंद्र रही है जो पारम्परिक रूप से कांग्रेस शासित था। पश्चिमी महाराष्ट्र के शक्कर क्षत्रपों का राज्य पर नियंत्रण था। दहाड़ता बाघ शिवसेना का पर्याय बन गया था। शिवसेना जल्द ही 'मराठी मानुष' के लिए नौकरियों की तलाश करने वाले एक सामाजिक संगठन से हिंदू हितों की हिमायत करने वाली राजनीतिक पार्टी में बदल गई। एक क्षेत्रीय संगठन से साम्प्रदायिक संगठन में बदलाव, सड़क से राज्य स्तर की पार्टी बनने की प्रक्रिया इसके संस्थापक की लोकप्रियता के आसपास घूम रही थी। शिवसेना को 1989 में धनुष-बाण चुनाव चिह्न प्रदान किया गया और शिवसेना पूरे राज्य और महाराष्ट्र से बाहर भी पहचानी जाने लगी लेकिन जैसे-जैसे वह विभाजित और बंटती चली गयी, उसका दबदबा लगातार घटता गया। चुनाव आयोग ने फरवरी, 2023 में शिवसेना के एक गुट को पार्टी का चुनाव चिन्ह प्रदान किया और बाघ की दहाड़ कम हो गयी। अलग होने के दो दशक बाद अब बाल ठाकरे के बेटे उद्धव ठाकरे और भतीजे राज ठाकरे फिर से मिल गए हैं। 2005 के बाद से 5 जुलाई 2025 को वर्ली में आयोजित एक संयुक्त रैली उनका पहला साझा मंच था।

'आवाज मराठीचा' या 'मराठी की आवाज' रैली का आयोजन प्राथमिक स्कूलों में हिंदी को अनिवार्य बनाने के महाराष्ट्र सरकार के प्रस्ताव के विरोध में किया गया था। त्रिभाषा फॉमूर्ले को हिंदी थोपने के रूप में देखा जाता है। इस फामूर्ले का दक्षिणी राज्यों में विरोध हो रहा है। तमिलनाडु में हिंदी का सबसे कड़ा विरोध हो रहा है। वहां इसे राज्य की भाषाई पहचान को कमजोर करने और केंद्र सरकार के सांस्कृतिक प्रभुत्व के प्रयास को आगे बढ़ाने के प्रयास के रूप में देखा जाता है। महाराष्ट्र में इसने ठाकरे बन्धुओं को उस जमीन को पुनः प्राप्त करने के लिए एक अवसर प्रदान किया जिसे वे लगातार खो रहे थे। अपनी प्रासंगिकता को पुनः प्राप्त करने के लिए उन्होंने अब मराठी पहचान के एक शक्तिशाली आख्यान को पुनर्जीवित किया है।

राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) लंबे समय तक सक्रिय रहने के बाद भी कुछ खास राजनीतिक प्रगति नहीं कर पाई है। 2024 के चुनावों में मनसे 288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा में एक भी सीट नहीं जीत पाई जबकि उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) केवल 20 सीटें ही जीत सकी। बाल ठाकरे के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती शिवसेना में खतरे, भय और करिश्मे के मिश्रण ने कैडर और समर्थकों दोनों को कंट्रोल में रखा। राज ठाकरे ने हमेशा मसल पॉवर और गरज के साथ पार्टी का नेतृत्व किया। उन्होंने पार्टी की छात्र शाखा भारतीय विद्यार्थी सेना का गठन किया और बाद में 1990 के विधानसभा चुनावों में शिवसेना उम्मीदवारों के लिए राज्य भर में प्रचार अभियान शुरू किया। उन्हें अपने चाचा के उत्तराधिकारी के रूप में देखा गया। शैली, ढंग और वाणी में वे बाल ठाकरे के करीब थे। जब विरासत की जिम्मेदारी बाल ठाकरे के बेटे और उनके चचेरे भाई उद्धव के पास गई तो वे वहां से हट गए। भाजपा ने उद्धव के साथ साझा नेतृत्व का वादा किया था लेकिन यह वादा निभाया नहीं। नाराज उद्धव ने भाजपा पर विश्वासघात का आरोप लगाने के बाद 2019 में राज्य पर शासन करने के लिए कांग्रेस और शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के साथ गठबंधन किया। भाजपा ने शिवसेना को तोड़कर राज्य में सत्तारूढ़ शिवसेना से अलग हुए एक धड़े के नेता एकनाथ शिंदे के साथ गठबंधन किया। इसके बाद वे एनसीपी को विभाजित करने के लिए आगे बढ़े। शरद पवार के भतीजे अजित पवार के नेतृत्व वाला एक अलग एनसीपी गुट अब भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति या महागठबंधन का हिस्सा है जो महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन है।

चचेरे भाईयों का मुख्य उद्देश्य भाजपा को चुनौती देना और फिर से जमीन हासिल करना है क्योंकि दोनों भाईयों की निकाय चुनावों पर नजर है। इनके लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण वृहद मुंबई नगर निगम के चुनाव हैं जो एशिया में सबसे अमीर नागरिक निकाय है और कई भारतीय राज्यों से इसका वार्षिक बजट बड़ा है। 2025-26 के लिए इसका बजट 74, 400 करोड़ रुपये से अधिक है। इस समय भाजपा 132 सीटों के साथ राज्य में मुख्य पार्टी है। आगामी निकाय चुनाव दिखाएंगे कि क्या भाजपा अपना यह रुतबा कायम रख सकती है। शिवसेना से अलग हुई पार्टी के प्रमुख एकनाथ शिंदे ठाकरे की राज्य विधानसभा में 52 सीटें हैं। शिंदे ही ठाकरे परिवार के पुनर्मिलन के नए घटनाक्रम के मद्देनजर सबसे ज्यादा नुकसान उठाने वाले नेता हैं। खुद को बाल ठाकरे के असली उत्तराधिकारी के रूप में पेश करने वाले शिंदे की शिवसेना सुप्रीमो के बेटे और भतीजे के सामने कोई हैसियत नहीं रह जाएगी।

चचेरे भाइयों के एक साथ आने के कई फायदे हैं लेकिन यह देखने की आवश्यकता होगी कि मराठी का हालिया मुद्दा उन्हें किस मोड़ पर ले जाएगा। वर्षों से राज्य में रहने के बावजूद मराठी नहीं बोलने वाले गैर-महाराष्ट्रियों को आतंकित करने और धमकी देने के कई मामलों में मनसे कार्यकर्ता शामिल रहे हैं । भाषा पर गर्व होने से निकाय चुनावों के लिए अभियान को गति देने में उन्हें मदद मिल सकती है लेकिन यदि वे ताकत की राजनीति अपनाते हैं तो यह नीति गैर-मराठी मतदाताओं की पर्याप्त संख्या को अलग-थलग कर सकती है। मनसे कैडर ने अतीत में बिहार और उत्तर प्रदेश के प्रवासियों पर हमले किये हैं एवं उन पर स्थानीय लोगों की नौकरियां छीनने का आरोप लगाया है।

नया गठबंधन महाराष्ट्र की राजनीतिक कहानी में एक मोड़ जोड़ रहा है लेकिन इस जोड़ी में अस्थिरता तथा मतभेद हैं जो दोनों के बीच दीर्घकालिक जुड़ाव के बारे में संदेह पैदा करते हैं। उद्धव ठाकरे अपनी सौम्य और शांत कार्यशैली के साथ विपक्ष में अपने नए सहयोगियों के साथ तालमेल बिठाने में अधिक सफल रहे हैं जबकि राज ठाकरे की दहाड़ जारी है और उनके कैडर ने मुंबई में प्रवासियों को अलग-थलग करने का जोखिम उठाया है। मुंबई में काम करने वालों में प्रवासियों का बड़ा हिस्सा है। अनुमान कम-ज्यादा हो सकते हैं लेकिन 2011 की जनगणना के अनुसार मुंबई की आबादी में प्रवासियों की संख्या 43 प्रतिशत से अधिक थी। इसमें उत्तर प्रदेश के प्रवासियों की संख्या लगभग 41 प्रतिशत थी।

पिछले कुछ वर्षों में, विशेष रूप से 2019 के विधानसभा चुनावों के बाद से महाराष्ट्र में शिवसेना और एनसीपी दोनों के टूटने के साथ बहुत सारे राजनीतिक उतार-चढ़ाव देखे गए हैं। परिवर्तनों की तेज रफ्तार तथा बड़ी संख्या ने मतदाता को भ्रमित किया है कि कौन किसके साथ है? क्या ठाकरे गठबंधन इस अस्थिर परिदृश्य में कुछ बदलाव ला सकता है? यह इस बात पर निर्भर करता है कि क्या वे कामकाज की दो अलग-अलग शैलियों में समन्वय बिठा सकते हैं। कह नहीं सकते कि बाल ठाकरे के वर्षों के जादू को फिर से कायम करने में दोनों चचेरे भाई सक्षम होंगे या उसके कुछ करीब तक पहुंच सकते हैं अथवा नहीं।

(लेखक द बिलियन प्रेस की प्रबंध संपादक हैं। सिंडिकेटः द बिलियन प्रेस)

## खेल/विदेश/कारोबार/फिल्म

## रूसी ड्रोन, क्रूज मिसाइल व बम हमलों में कम से कम छह लोगों की मौत

(एजेन्सी)।
**रूस** ने शुक्रवार रात से हमले तेज करते हुए यूक्रेन पर सैकड़ों ड्रोन और मिसाइल से बमबारी की, जिसमें कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। रूस के इन हमलों के बाद तीन साल से अधिक पुराने युद्ध के समाप्त होने की संभावनाएं और क्षीण हो गई हैं। क्षेत्रीय गवर्नर रुस्लान जापारानियुक ने शनिवार को बताया कि रूसी सेना ने दक्षिण-पश्चिमी यूक्रेन के चेर्निवित्सि क्षेत्र के बुकोविना क्षेत्र पर चार ड्रोन और एक मिसाइल से हमला किया, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और 14 घायल हो गए। उन्होंने बताया कि ड्रोन से किए गए हमलों के बाद मलबे में दबने से दो लोगों की मौत हो गई। क्षेत्रीय गवर्नर मैक्सिम कोजित्स्की ने कहा कि यूक्रेन के पश्चिमी ल्वीव क्षेत्र में हुए ड्रोन हमले में 12 लोग घायल हो गए हैं। मेयर इहोर तेरेखोव ने बताया कि पूर्वोत्तर यूक्रेन के खार्किव में आठ ड्रोन और दो मिसाइलों से हमला किया गया, जिसमें तीन लोग घायल हो गए हैं।

यूक्रेन की वायुसेना ने कहा कि रूस ने शुक्रवार रात से लेकर आज खबर लिखे जाने तक यूक्रेन में 597 ड्रोन और 26 क्रूज मिसाइलें दागीं, इनमें से 319 ड्रोन और 25 क्रूज मिसाइलें मार गिरायी गईं। क्षेत्रीय गवर्नर सेरही लिसाक के अनुसार, डनिप्रॉपेट्रोवस्क क्षेत्र में रात भर हुए मिसाइल हमले में दो लोग मारे गए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि रूस द्वारा सुमी क्षेत्र में किए गए बम हमले में दो अन्य लोगों की भी मौत हो गई। वहीं, रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने शनिवार रात 33 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए।

## गाजा में 21 महीने से जारी युद्ध में 58,000 से अधिक फलस्तीनियों की मौतः स्वास्थ्य मंत्रालय

(एजेन्सी)।
**गाजा** में 21 महीने से जारी युद्ध में 58,000 से अधिक फलस्तीनियों की मौत हुई है। स्थानीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने अपनी गणना में नागरिकों और हमास लड़ाकों के बीच अंतर नहीं किया है, लेकिन कहा है कि मृतकों में आधे से अधिक महिलाएं और बच्चे हैं। यह मृतक संख्या ऐसे समय में सामने आई है, जब इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम के लिए अमेरिका की मध्यस्थता में वार्ता हो रही है।

## जो रूट का कमाल जारी, सचिन तेंदुलकर की खास क्लब में बनाई जगह

(एजेन्सी)।
**इंग्लैंड** क्रिकेट टीम के बेहतरीन जो रूट लगातार रनों की अंबार खड़ा कर रहे हैं। बीते पांच साल में वह 20 शतक जमा चुके हैं। सचिन तेंदुलकर के सबसे ज्यादा टेस्ट रन के रिकॉर्ड को तोड़ने के रूट काफी करीब है और हाल ही में उन्होंने सचिन के साथ ही एक खास लिस्ट में अपना नाम भी लिखवा लिया है। भारत और इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में रूट ने ये मुकाम हासिल किया। इस मैच की पहली पारी में रूट के बल्ले से शतक निकला था जिसके दम पर मेजबान टीम ने 387 रनों का स्कोर खड़ा किया था। इस शतक से भी रूट ने कई रिकॉर्ड बनाए थे और दूसरी पारी में भी वह यही कर रहे हैं। रूट ने इस मैच में बल्लेबाजी करते हुए नंबर-4 पर टेस्ट क्रिकेट में अपने 8000 रन पूरे कर लिए हैं। रूट से पहले इस नंबर पर सिर्फ चार ही बल्लेबाजों ने टेस्ट में 8000 या इससे ज्यादा रन बनाए हैं। इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले विराट कोहली ने भी लंबे समय तक नंबर-4 पर बल्लेबाजी की लेकिन वह भी इस मुकाम को नहीं छू पाए। कोहली के नाम तो टेस्ट में 10,000 रन भी नहीं हैं। टेस्ट में कोहली के नाम 123 मैचों में 9230 रन हैं। चौथे नंबर पर खेलते हुए कोहली ने 7564 रन बनाए हैं।

इसके साथ ही रूट के नाम क्रिकेट के मक्का कहे जाने वाले लॉर्ड्स पर सबसे ज्यादा शतक जमाने का रिकॉर्ड है। उन्होंने इस मैदान पर कुल आठ शतक हैं। उनके बाद किसी का नंबर है जो इंग्लैंड के ही माइकल वॉन और ग्राहम गूज का। दोनों के नाम लॉर्ड्स में कुल 6-6 शतक हैं।

## शोएब बशीर की चोट ने इंग्लैंड को दी टेंशन, बल्लेबाजी करने के लिए फिट नहीं

(एजेन्सी)।
**भारत** और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन गेंदबाजी के दौरान चोटिल हुए ऑफ स्पिनर शोएब बशीर की फिटनेस को लेकर इंग्लैंड चिंतित है। बशीर चौथे दिन के खेल से पहले अभ्यास के दौरान चौथी और पांचवीं अंगुली पर भारी पट्टियां बंधे हुए थे, लेकिन ये स्पष्ट नहीं है कि वह बल्लेबाजी के लिए फिट होंगे या नहीं। चौथे दिन सुबह इंग्लैंड की ओर से जारी बयान में कहा गया कि, अपनी बाईं अंगुली की चोट के बाद, शोएब बशीर पर नजर रखी जा रही है और उम्मीद है कि वह टेस्ट की चौथी पारी में गेंदबाजी करेंगे। तीसरी पारी में वह बल्लेबाजी करेंगे या नहीं, इस पर फैसला समय आने पर लिया जाएगा। एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफर्ड में होने वाले चौथे टेस्ट में उनकी भागीदारी का आकलन मैच के अंत में किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बशीर को ये चोट रवींद्र जडेजा को गेंदबाजी करते हुए उस समय लगी जब जडेजा ने एक शक्तिशाली ड्राइव सीधे उनकी तरफ मारा। तकनीकी रूप से कॉट एंड बोल्ड का मौका होने के बावजूद बशीर के हाथ पर जोरदार चोट लगी। इसके बाद उनका ओवर जो रूट ने ओवर पूरा किया।

लोकेश राहुल ने लॉर्ड्स में शतक लगाया, जिससे भारत तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन इंग्लैंड के पहली पारी के 387 रनों की बराबरी करने में सफल रहा। जडेजा लगातार तीसरा अर्धशतक बनाने के बाद क्रिस वोक्स की गेंद पर लेग साइड में ग्लांस करने की कोशिश में विकेट के पीछे लपके गए।

आकाश दीप को मैदान अंपायर द्वारा दिए गए दो एलबीडब्ल्यू फैसलों को डीआरएस की मदद से पटलने में सफल रहे लेकिन एक छक्का लगाने के बाद वह आउट हो गए।

## सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से आठ का बाजार पूंजीकरण 2.07 लाख करोड़ रुपये घटा

(एजेन्सी)।
**सेंसेक्स** की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 2.07 लाख करोड़ रुपये (2,07,501.58 करोड़ रुपये) की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और भारती एयरटेल रहीं।

बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 932.42 अंक या 1.11 प्रतिशत के नुकसान में रहा। शीर्ष 10 में से केवल बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। समीक्षाधीन सप्ताह में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार पूंजीकरण 56,279.35 करोड़ रुपये घटकर 11,81,450.30 करोड़ रुपये पर आ गया। कंपनी के जून तिमाही के नतीजे निवेशकों को उत्साहित करने में विफल रह हैं। शुक्रवार को टीसीएस के शेयर में लगभग 3.50 प्रतिशत की गिरावट आई। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 54,483.62 करोड़ रुपये घटकर 10,95,887.62 करोड़ रुपये पर आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 44,048.2 करोड़ रुपये घटकर 20,22,901.67 करोड़ रुपये पर आ गई। इन्फोसिस के मूल्यांकन में 18,818.86 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 6,62,564.94 करोड़ रुपये रहा। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 14,556.84 करोड़ रुपये घटकर 10,14,913.73 करोड़ रुपये पर आ गया।

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन 11,954.25 करोड़ रुपये घटकर 5,83,322.91 करोड़ रुपये पर आ गया। एचडीएफसी बैंक के बाजार पूंजीकरण में 4,370.71 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 15,20,969.01 करोड़ रुपये रही। भारतीय स्टेट बैंक की बाजार हैसियत 2,989.75 करोड़ रुपये घटकर 7,21,555.53 करोड़ रुपये रह गई। इस रुख के उलट हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का मूल्यांकन 42,363.13 करोड़ रुपये बढ़कर 5,92,120.49 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

## अनंत अंबानी-राधिका मर्चेंट की शादी...

**(एजेन्सी)**। एक साल पहले, मुंबई में एक भव्य समारोह एक सांस्कृतिक क्षण में बदल गया जिसकी गूंज पूरे महाद्वीपों में सुनाई दी। 12 जुलाई, 2024 को अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी सिर्फ. एक निजी मामला नहीं थी-यह एक ऐसा समारोह था जिसमें परंपरा और ग्लैमर का मिश्रण था और जिसने अपने पैमाने, प्रतीकात्मकता और विशुद्ध वैभव के लिए वैश्विक प्रशंसा अर्जित की। हिंदू परंपरा में, विवाह को न केवल एक सामाजिक अनुबंध के रूप में, बल्कि एक पवित्र और आजीवन प्रतिबद्धता के रूप में भी सम्मानित किया जाता है। यह दो व्यक्तियों, उनके परिवारों और समुदायों के बीच एक दिव्य मिलन का प्रतीक है, जिसे विस्तृत अनुष्ठानों और रीति-रिवाजों के साथ संपन्न और मनाया जाता है। हिंदू विवाह का उद्देश्य व्यक्तिगत पूर्ति से आगे बढ़कर, धार्मिक कर्तव्यों (धर्म) की पूर्ति और सामाजिक व्यवस्था में योगदान को समाहित करता है। जहाँ आधुनिक व्यावहारिकताएँ अक्सर अधिकांश शादियों में सभी प्राचीन रीति-रिवाजों का पालन करने से रोकती हैं, वहीं युवा अंबानी जोड़े ने हर भारतीय परंपरा और रीति-रिवाज का सावधानीपूर्वक पालन करने का विकल्प चुना।

# केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने किया नीमराणा से हरियाणा सीमा तक की सड़क का शिलान्यास

## केंद्र और राज्य सरकार क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध-यादव



**एसबी संवाददाता**

**जयपुर।** केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव रविवार को नीमराना के बावड़ी के पास आयोजित स्टेटहाईवे-111A (नीमराना से हरियाणा सीमा तक) सड़क के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे।

श्री यादव ने सड़क शिलान्यास कर आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि नीमराणा में केंद्र सरकार द्वारा 50 करोड़ रुपये की लागत का स्वीकृत स्टेटहाईवे-111अ रोड़ नीमराना से नाघोड़ी, घिलोठ, डाबड़वास चावण्डी, माँढ़ण, गिगलाना, रायसराना, बिघाना जाट एवं हरियाणा सीमा की कनेक्टिविटी को बेहतर करेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 2 सालों में करीब 270 किमी सड़क के लिए 270 करोड़ रुपए दिए हैं, जिनमें इस 48 किमी सड़क के लिए 50 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

श्री यादव ने कहा कि मेरे यहां आने का मुख्य उद्देश्य नीमराणा की जनता को चुनावों में मेरा साथ देने के लिए धन्यवाद व आभार जताना था, यहां की जनता से मुझे बहुत ही मान और सम्मान मिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का मानना है "सरकारी योजनाओं को सौ प्रतिशत पूरा कराना असली धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय है" और मैं इसी को पूरा करने का प्रयास कर रहा हूँ। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास एवं आने वाली पीढ़ी के लिए लाइब्रेरी एवं खेल के मैदान विषयों पर ग्रामीणों की चिंता होनी चाहिए, इस पर विचार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 'खेलो इंडिया' और जो 'फिट है वो हिट है' का नारा दिया एवं देशभर में खेलों के प्रति रुझान बढ़ाने के लिए खेल सांसद उत्सव कराने के लिए प्रोत्साहन दिया। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी में इस भावना को बढ़ाने के लिए हम सभी को साथ मिलकर आगे आना चाहिए।

श्री यादव ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए केंद्र के साथ मिलकर केंद्र की योजनाओं को पूरा करने की सहमति दिखाई है। उन्होंने कहा कि मैने पिछले 1 साल में लोकसभा क्षेत्र में 383 से अधिक कार्यक्रम किए और लगभग 600 गांवों का दौरा किया एवं आमजन की समस्याओं के निस्तारण का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि पूर्वी राजस्थान की सबसे बड़ी जल समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री ने जन समस्याओं को समझा एवं केंद्र सरकार ने भी नदियों को जोड़ने के लिए विशेष समिति गठित की एवं प्रधानमंत्री ने पार्वती-काली सिंध-चंबल परियोजना को अनुमोदन दिया। राजस्थान और मध्यप्रदेश सरकार के समन्वय से केंद्र सरकार ने इस पर पूरा मार्गदर्शन दिया और इसी का परिणाम हुआ कि 28 जनवरी को दोनों राज्यो के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुए और प्रधानमंत्री की उपस्थिति में 17 दिसंबर को दोनों राज्यो का एमओयू का आदान-प्रदान भी हुआ। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने राजस्थान सरकार की डीपीआर को स्वीकृति प्रदान कर दी है, इस पूरी परियोजना में कुल 4 हजार 102 मिलियन क्यूबिक मीटर जल उपलब्ध होगा, जिसमें 522 क्यूबिक मीटर जल को पुन संशोधित करके रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि 300 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी अलवर, राजगढ़, रैनी, मालाखेड़ा, उमरैण के साथ-साथ हमारे क्षेत्र के जलाशयों में आएगा।

कार्यक्रम के दौरान आयोजकों ने मंच पर किताब भेंट कर पर्यावरण मंत्री का अभिवादन किया गया। भेंट में आई किताब को मंत्री ने कार्यालय में रखने के निर्देश दिए। इस दौरान बहरोड़ विधायक डॉ. जसवंत यादव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# काँवड़ यात्रा पुलिस सहायता केन्द्र का फीता काटकर किया गया उद्घाटन



**संजना भारती संवाददाता**

**बदायूं।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बदायूँ द्वारा जनपद में अलग-अलग स्थानों पर काँवड़ यात्रा पुलिस सहायता केन्द्र का फीता काटकर उद्घाटन किया गया तथा कांवडियों पर पुष्प वर्षा कर उन्हे फल इत्यादि वितरित किये गये।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बदायूँ डॉ. बृजेश कुमार सिंह द्वारा श्रावण मास एवं काँवड़ यात्रा को सकुशल एवं शान्तिपूर्वक संपन्न कराने के दृष्टिगत थाना उझानी क्षेत्रान्तर्गत बाबूजी कल्यान सिंह चौक, थाना सिविल लाइन क्षेत्रान्तर्गत अवन्ती बाई चौराहा तथा लालपुल तिराहा पर काँवड़ यात्रा पुलिस सहायता केन्द्र का फीता काटकर उद्घाटन किया गया।

राज मार्ग से होकर गुजरते शिव भक्त कांवड़ियों की सहायतार्थ थाना उझानी, सिविल लाइन्स व कोतवाली क्षेत्र में कांवड़ यात्रा पुलिस सहायता केन्द्र/सेवा शिविर का का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर कांवड़ यात्री व गणमान्य लोग मौजूद रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा शिव भक्तों पर श्रद्धा भाव से पुष्प वर्षा करते हुए फल इत्यादि से सेवा की। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर विजयेन्द्र द्विवेदी,




पुलिस उपाक्षीक नगर रजनीश कुमार उपाध्याय, पुलिस उपाधीक्षक उझानी डा. देवेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# जनसंपर्क अभियान चलाया गया



**एसबी संवाददाता**

**बेगूसराय नगर।** बेगूसराय की पूर्व सदर विधायक और महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष अमिता भूषण ने सदर प्रखंड के नीमा और चाँदपुरा में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। साथ ही माई बहिन मान योजना के तहतसैकड़ों महिलाओं का पंजीयन कराया जिसके तहत कांग्रेस महागठबंधन सरकार बनने के बाद महिलाओं को 2500 रुपये प्रति माह देने का आश्वासन दे रही है। इस दौरान पंजीकरण कराने आयी महिलाओं में काफी उत्साह देखा गया।

भूषण ने कहा कि यह योजना बिहार कि महिलाओं के जीवन में आर्थिक क्रांति लाने बाली योजना है। श्रीमती भूषण ने पूरे पंचायत का भ्रमण कर स्थानीय लोगों से बात की और उनकी समस्याएं सुनी। लोगों ने सड़क नाले, बिजली, मंहगाई, सामाजिक योजनाओं में भ्रष्टाचार और बेरोजगारी का मुद्दा श्रीमती भूषण के समक्ष प्रमुखता से रखा। पूर्व विधायक ने लोगों को महा गठबंधन की सरकार बनते ही इन समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया।

इस दौरान भूषण के साथ प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह, आलोक कुमार, ब्रजेश सहनी, अभिषेक साह, देवेन्द्र तांती, सुधीर कुमार, मो. मुस्तफा, कुमार रत्नेश टुल्लू सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एक विशेष सघन वृक्षारोपण अभियान का आगाज

**संजना भारती संवाददाता/एस रहमान**

**टोंक।** अखिल भारतीय विजयवर्गीय (वैश्य) महासभा के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण को समर्पित एक विशेष सघन वृक्षारोपण अभियान का आगाज अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के परम पूज्य स्वामी श्री 1008 राम चरण जी महाराज की प्राकट्य स्थली, तपोभूमि रामद्वारा सोड़ा से रविवार को किया गया। इस अभियान का उद्देश्य न केवल पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ावा देना था, बल्कि समाज में प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी की भावना का संचार करना भी था। इस अवसर पर विजयवर्गीय समाज के प्रमुख समाजसेवियों ने पौधारोपण में भाग लिया। इनमें रामप्रसाद विजयवर्गीय विकास विहार, श्याम सुंदर विजयवर्गीय विकास विहार, रवि प्रकाश विजय आदर्श नगर, गोपाललाल विजय घी वाले, रमेश चंद विजय शिक्षा अधिकारी कंपू टोंक की उल्लेखनीय सहभागिता रही।

इसके अतिरिक्त सोड़ा ग्राम के सम्मानित नागरिक रामकिशन जाट सेवानिवृत्त शिक्षक सहित अनेक ग्रामीण जन भी इस पुण्य कार्य में उपस्थित रहे और वृक्षारोपण में भागीदारी निभाई। समाज के इस सामूहिक प्रयास से न केवल पर्यावरण



संरक्षण को बल मिलेगा, बल्कि यह आयोजन सामाजिक एकता, सांस्कृतिक जागरूकता और आध्यात्मिक विरासत के प्रति सम्मान का प्रतीक भी बना।

# राजस्थान वर्ष 2030 तक सतत विकास लक्ष्य हासिल करेगा-पटेल

**एसबी संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान-हरियाळो-राजस्थान के ब्लॉक स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम जोधपुर जिलें की ग्राम पंचायत दुन्दाड़ा पंचायत समिति लूणी में रविवार को संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री श्री जोगाराम पटेल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ।

श्री पटेल ने कहा डबल इंजन की सरकार समग्र एवं समावेशी विकास के लिए कृत संकल्पित हो कर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा यशस्वी मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश का प्रथम ग्रीन बजट पर्यावरण संरक्षण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा ग्रीन बजट का लक्ष्य वर्ष 2030 तक सतत विकास लक्ष्य प्राप्त करना है। उन्होंने कहा गत वर्ष मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के तहत 7 करोड़ पौधे लगाए गए थे, इस वर्ष हर परिवार को जोड़ते हुए 10 करोड़ पौधे लगाने एवं पालने का लक्ष्य रखा है।

श्री पटेल ने कहा यह अभियान केवल पौधे लगाने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए हरित एवं सुरक्षित भविष्य का संकल्प है। उन्होंने कहा आज जब पूरा विश्व जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संकट से जूझ रहा है और आज प्रकृति एवं पर्यावरण की रक्षा अधिकाधिक वृक्ष लगाने की आवश्यकता है। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा प्रदेश सरकार द्वारा इस वर्ष युवाओं को एक लाख 25 हजार पदों पर सरकारी नौकरी दी जा रही है। उन्होंने कहा वर्षों से लम्बित ड्राइवर और चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों की भर्ती प्रक्रियाधीन है। श्री पटेल ने कहा आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नर्सिंग कर्मियों के सारे पद भरे गए हैं। उन्होंने कहा मेडिकल ऑफिसर की भर्ती पूर्ण हो गई और जल्द ही नियुक्ति दी जाएगी। श्री पटेल ने कहा लूणी क्षेत्र के विकसित और आधुनिक सड़क तंत्र के लिए लगभग 4 अरब से अधिक लागत के सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत करवाए गए है। उन्होंने कहा 5 हजार से अधिक आबादी वाले गांवों में अटल प्रगति पथ का निर्माण चरणबद्ध रूप से करवाया जा रहा है।

# पंजाब के प्रत्येक गांव में अत्याधुनिक स्टेडियम बनाए जाएंगे; पहले चरण के तहत 3,083 स्टेडियमों का निर्माण कार्य प्रगति पर: मुख्यमंत्री

## इस पहल का उद्देश्य खेलों को बढ़ावा देकर युवाओं को नशे से दूर रखना

**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने घोषणा की कि राज्य सरकार जल्द ही पूरे पंजाब में 13,000 अत्याधुनिक स्टेडियमों का निर्माण शुरू करेगी, जिनमें से पहले चरण के तहत 3,083 स्टेडियमों का निर्माण कार्य पहले ही चल रहा है।

अपने सरकारी आवास पर मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कहावत सभी जानते हैं कि खाली दिमाग शैतान का घर होता है, इसलिए राज्य सरकार द्वारा पंजाब के युवाओं की असीम ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाने के लिए खेलों को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इसका उद्देश्य राज्य में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और युवाओं को नशे की लत से दूर रखना है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि ये स्टेडियम पूरे राज्य में, खासकर गांव स्तर पर खेल भावना को प्रोत्साहित करने में अधिक सहायक होंगे।

मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों की आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस और अकाली-भाजपा सरकारों ने खेल के बुनियादी ढांचे के विकास या युवाओं के रोजगार पर कोई ध्यान नहीं दिया, जिसके परिणामस्वरूप पूरे राज्य में नशे का कारोबार बिना किसी रोक-टोक के इतने बड़े पैमाने पर फैल गया और पंजाब के कई युवा नशे के आदी हो गए। भगवंत



सिंह मान ने इस बात पर जोर दिया कि उनकी सरकार द्वारा शुरू की गई नशा विरोधी मुहिम के कारण राज्य की स्थिति अब दिन-ब-दिन बदल रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे की आपूर्ति श्रृंखला को तोड़ दिया गया है और नशे के आदी अधिकांश युवा नशा छोड़ने और पुनर्वास के लिए इलाज करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस मुहिम का उद्देश्य पंजाब के युवाओं को नशे के दलदल से निकालकर उन्हें राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास में भागीदार बनाना है। भगवंत सिंह मान ने नशे के नेटवर्क को खत्म करने में शानदार कार्य के लिए पंजाब पुलिस की जमकर सराहना की और कहा कि पिछली सरकारें इस समस्या को गंभीरता से हल करने में पूरी तरह विफल रही हैं।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि युवाओं को खेलों से जोड़ने और उन्हें नशे से दूर रखने के लिए एक व्यापक योजना तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पंजाब के प्रत्येक गांव में आधुनिक खेल सुविधाएं प्रदान करने के लिए एक ऐतिहासिक मिशन शुरू किया है। भगवंत सिंह मान ने घोषणा की कि लगभग 13,000 गांवों को उच्च-स्तरीय खेल मैदानों से लैस किया जाएगा और इस परियोजना के पहले चरण के तहत पहले ही 3,083 स्टेडियमों का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर और विश्व स्तरीय खेल सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले होनहार खिलाड़ियों को इन नई सुविधाओं में उभरते खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने के लिए कोच के रूप में नियुक्त किया जाएगा। भगवंत सिंह मान ने पुष्टि की कि पंजाब सरकार राज्य की खोई हुई शान को बहाल करने के अपने प्रयासों में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब देश का पहला राज्य है, जिसने खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से पहले तैयारियों के लिए वित्तीय सहायता की पेशकश की है, जिसके पहले ही सकारात्मक परिणाम सामने आ चुके हैं। अपनी सरकार द्वारा खेलों को प्रमुख प्राथमिकता देने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में मजबूत खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए अनुभवी खिलाड़ियों की विशेषज्ञता का पूरा उपयोग किया जाएगा।

भगवंत सिंह मान ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद पंजाब ने हरभजन सिंह, शुभमन गिल, अर्शदीप सिंह और अन्य सितारे पैदा किए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार एक ऐसा माहौल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां ऐसी और प्रतिभाएं फल-फूल सकें। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह पहल "रंगला पंजाब" - एक जीवंत, प्रगतिशील पंजाब बनाने के लिए एक प्रेरक के रूप में काम करेगी। भगवंत सिंह मान ने आगे कहा कि यह राज्य के व्यापक विकास और इसके लोगों की खुशहाली के लिए बेहद जरूरी है।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि भले ही पिछली सरकारों ने खेल के बुनियादी ढांचे की पूरी तरह उपेक्षा की, फिर भी कई खिलाड़ी अपनी व्यक्तिगत दृढ़ता और मेहनत से नाम कमाने में सफल रहे। खेल प्रेमी और राज्य के मुखिया होने के नाते उन्होंने राज्य के युवाओं को नशे से दूर रखने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। भगवंत सिंह मान ने आशा व्यक्त की कि इन प्रयासों के सकारात्मक परिणाम मिलेंगे, जिससे पंजाब के युवा हर क्षेत्र में राज्य का नाम रोशन करेंगे।

# गोपालन मंत्री ने ली गोशाला संचालकों की समीक्षा बैठक, अधिकारियों को दिए निरस्तांण के निर्देश



**एसबी संवाददाता**

**जयपुर।** पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने रविवार को उदयपुर सर्किट हाउस में गौशाला संचालकों से बैठक कर प्रदेश की गौशालाओं के विकास पर गहन चर्चा की।

बैठक के दौरान मंत्री श्री कुमावत ने उपस्थित अधिकारियों को जिले में प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर नंदीशाला खोले जाने की योजना को सफल बनाने के लिए निर्देशित किया। श्री कुमावत ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में चलाई जा रही मोबाइल वेटरनी वैन का गोशाला संचालकों को रोगी पशुओं के उपचार के लिए अधिकाधिक उपयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 1962 नंबर पर निःशुल्क कॉल करके कोई भी पशुपालक इस मोबाइल वेटेनरी वैन को गौशाला या अपने घर पर बुला सकता है। इस वैन में पशु चिकित्सक व सहायक स्टाफ के साथ-साथ दवाईयां भी उपलब्ध हैं, जो कि निःशुल्क हैं। इसके अलावा केंद्र व राज्य सरकार की ओर से गौशालाओं के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा भी की गई। मंत्री ने अधिकारियों को गोशाला विकास योजना के अंतर्गत गौशालाओं को समय पर भुगतान जारी करने, मृत पशुओं के शव को निस्तारित करने के लिए ग्राम पंचायतों को आबादी भूमि दूर व्यवस्था करने, गौवंश में टीकाकरण का कार्य जल्द से जल्द पूरा करने तथा मंगला पशु बीमा योजना की जानकारी प्रत्येक पशुपालक को देने के लिए निर्देशित किया। बैठक में गोशाला संचालकों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर मंत्री श्री कुमावत ने उनका त्वरित निस्तारण का भरोसा दिया।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर दीपेंद्र सिंह राठौड़, सरस डेयरी के चौयरमैन डालचंद डांगी, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ.सुरेश जैन, अतिरिक्त निदेशक डॉ. लक्ष्मीनारायण मीणा तथा गोपालन व पशुपालन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

**आवश्यक सूचना**

**तेजी** से बढते राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र, **'संजना भारती'** को चंडीगढ़, पंचकुला सहित पूरा हरियाणा, पंजाब में जिला स्तर, तहसील स्तर, खंड स्तर पर पत्रकार/कोर्सपोंडेट/ प्रतिनिधि, जिला प्रभारी की जरूरत है।
**संपर्क करें: 9871221635**

# मानव उत्थान सेवा समिति का एक लाख पौधे लगाने का अभियान शुरू

## सेक्टर-8, 9 और 32 में लगाए पौधे, करनाल में लगेंगे एक हजार पौधे



**एसबी विशेष संवाददाता**

**करनाल।** आध्यात्मिक गुरु श्री सतपाल जी महाराज की प्रेरणा से मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा पौधारोपण अभियान का शुभारम्भ किया गया। प्रदेश में मानव उत्थान सेवा समिति की ओर से एक लाख पौधे लगाए जाएंगे। जिसकी शुरूआत करनाल से हुई।

मानव उत्थान सेवा समिति के जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता के नेतृत्व में सेक्टर-8, 9 ओर 32 में पौधे लगाए गए। इस खास अवसर पर महात्मा अंतरमुखी बाई जी, महात्मा सुबद्रा बाई जी, जिला प्रधान प्रदीप गुप्ता, अनाज मंडी प्रधान सुभाष गुप्ता, नरेश गर्ग, रामसिंह दुआ, सचिन गर्ग, सुरेंद्र काम्बोज, राजिंद्र फौजी, सुनीता देवी समेत कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। मानव उत्थान सेवा समिति के जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने सभी के साथ मिलकर अलग अलग जगहों पर पौधे लगाए। उन्होंने बताया कि पहल का लक्ष्य 1,00,000 पौधे लगाने और राज्य के पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन में योगदान देना है। महात्मा अंतरमुखी बाई जी, महात्मा सुबद्रा बाई जी ने पौधों के संरक्षण के लिए लोगों को संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि प्रकृति की रक्षा के लिए पौधारोपण अति आवश्यक है।

एक वृक्ष 10 पुत्र के समान है, इसलिए हमें अधिक से अधिक मात्रा में पेड़ लगाना चाहिए। हरियाली समाप्त होने से भीषण गर्मी व अनेक लाइलाज बीमारियां फैलने लगी हैं। अगर हम अपने जीवन की खुशियां चाहते हैं तो पौधे लगाने के लिए आगे आना ही होगा। उन्होंने कहा कि प्रकृति और मानवता का संतुलन बनाए रखने के लिए हमें पौधों की देखभाल करनी होगी, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ एक हरा-भरा वातावरण पाएं। उन्होंने बताया कि पौधरोपण सिर्फ वृक्षों को जोड़ना नहीं, बल्कि जीवन को जोड़ना है। प्रदीप गुप्ता ने कहा कि पौधे केवल हरियाली का प्रतीक नहीं हैं, बल्कि वे जीवन का आधार हैं। मानव जाति के अस्तित्व और पर्यावरण संतुलन के लिए वृक्षों का संरक्षण आवश्यक है। आध्यात्मिक गुरु श्री सतपाल जी महाराज की प्रेरणा से मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा चलाया गया यह पौधारोपण अभियान न केवल प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दशार्ता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ, स्वस्थ और हरित भविष्य की दिशा में उठाया गया सार्थक कदम है।

हर एक पौधा एक नई आशा, एक नई सांस और एक नया जीवन लेकर आता है। इस दौरान मानव उत्थान सेवा समिति करनाल से जुड़े अनुयायियों ने भी पौधे रोपित करने के साथ साथ उनकी देखरेख करने का भी संकल्प लिया।

# मुख्यमंत्री ने की जिले में विकास कार्यों की समीक्षा

## ■ लापरवाही पर पांच अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के दिए आदेश



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार, 12 जुलाई को कैथल में अधिकारियों की बैठक में पांच अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश जारी किए हैं। इन अधिकारियों में एक्सईएन नगर परिषद कैथल, नगर पालिका पूंडरी व नगर पालिका सीवन के सचिव, ढांड मार्केट कमेटी सचिव व नगर पालिका पूंडरी के म्यूनिसिपल इंजीनियर शामिल हैं। इन अधिकारियों में एक्सईएन सहित नगर पालिकाओं के सचिवों के अधीन क्रमशः 864 दिन, 211 दिन व 191 दिनों से विकास कार्यों के लिए टेंडर लगाकर आगामी कार्रवाई न करने पर लापरवाही बरतने पर मुख्यमंत्री ने कार्रवाई के आदेश दिए हैं। इसके अलावा ढांड मार्केट कमेटी सचिव पर एक शिकायतकर्ता की सुनवाई न करने की लापरवाही पर कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

पीड़ित व्यक्ति अपनी शिकायत लेकर मुख्यमंत्री के पास चंडीगढ़ पहुंचा था। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने बैठक में जिले में विभिन्न गांवों व शहरों में सड़कों के खराब हालत के फोटो दिखाकर अधिकारियों से एक-एक जवाब लिया। जिसमें लोक निर्माण, मार्केटिंग बोर्ड व स्थानीय निकाय के अधिकारियों को सुधार के सख्त निर्देश दिए।

सीएम ने कहा कि सभी अधिकारी अपने कार्यालयों से बाहर निकल कर एक-एक सड़क की जांच करें। जहां भी गड्ढा दिखे, उसे तुरंत भरवाएं। अगर लोगों की सड़कों के संबंध में गड्ढों की शिकायत पहुंची तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीएम ने डीसी को सभी विभागों द्वारा लगाए गए टेंडरों की रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। ताकि पता लगाया जा सके कि किस विभाग में टेंडर कब से लंबित है। साथ ही सड़कों की रिपोर्ट भी तैयार करने के निर्देश दिए। सीएम ने गांव जाखौली में सड़क पर आ गए तालाब के पानी, फरल पीएचसी के निर्माण में देरी, गुहला में माइनर मुरम्मत संबंधी टेंडर, करोड़ा गांव की सड़क व तालाब, ढांड रविदास धर्मशाला रोड, चंदाना गेट पर खराब पड़े शौचालयों, कलायत बस अड्डे पर बनाए गए शौचालय, करोड़ा से रमाना सड़क के फोटो दिखाकर अधिकारियों से एक-एक जवाब लिया। साथ ही सख्त लहजे में निर्देश दिए कि इन सभी को तुरंत दुरुस्त करें। मुख्यमंत्री ने शहर में लंबे समय से लंबित कार्य सिटी स्कवेयर का फिर से टेंडर करके काम पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ-साथ शहर में मल्टीपर्पज पार्किंग को पीपीपी मोड पर जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। वक्फ बोर्ड संबंधी शिकायत पर सीएम ने प्रदेशस्तरीय समिति के माध्यम से समाधान के निर्देश दिए। इसके साथ-साथ उन्होंने ग्योंग ड्रेन को कवर करने या इसमें बड़े पाइप डालकर काम पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही राजौंद महिला कॉलेज के भवन को पांच एकड़ भूमि में ही बहु मंजिला बनाए जाने के निर्देश दिए और कहा कि इसके लिए सरकार ने नियमों में छूट दे दी है। सीएम ने महर्षि वाल्मीकि विश्वविद्यालय के लंबित कार्य को जल्द पूरा करने के साथ-साथ इसके बीच में से गुजर रही ड्रेन के सौंदर्यकरण व इसके ऊपर से रास्ता देने के लिए अलग से टेंडर लगाने के निर्देश दिए। सीएम ने कलायत की कपिलमुनी माइनर व कैथल की वृद्धकेदार झील सहित जिले के खेल स्टेडियम व व्यायामशालाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कैथल में समाधान शिविरों में आई शिकायतें के समाधान में अव्वल रहने पर सराहना भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारियों को लोगों के प्रति जवाबदेही है। लोगों की सुनवाई करें। उनके चक्कर न लगाएं। छोटे-छोटे कार्यों को पूरा करके लोगों की अधिकतर समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। इसीलिए अधिकारी खुद जवाब देही तय करें और विकास कार्यों में किसी प्रकार की कोताही सहन नहीं की जाएगी। यदि कोई व्यक्ति जिलास्तर पर अधिकारियों की लापरवाही के कारण चंडीगढ़ में मेरे पास शिकायत लेकर आता है तो ऐसे अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अब हरियाणा में एक व्यवस्था बनाई जा रही है, जिसमें एसएचओ को संबंधित थाना के लोगों के हिसाब से नंबर मिलेंगे।

डीसी प्रीति ने मुख्यमंत्री को विश्वास दिलवाया कि उनके निर्देशानुसार जल्द से जल्द लंबित कार्य पूर होंगे। उन्होंने मार्गदर्शन के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण गुप्ता, विधायक सतपाल जांबा, पूर्व मंत्री कमेलश ढांडा, पूर्व विधायक लीला राम, पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर, नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग सहित अनेक अधिकारी व नेतागण मौजूद रहे।

# सुधार की राह पर कैदी: करनाल में शुरू हुआ जेल द्वारा संचालित पेट्रोल पंप

## ■ अच्छे व्यवहार वाले कैदियों को दी जा रही ड्यूटी, अनुशासन व सुधार की दिशा में बड़ा कदम




**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** हरियाणा की जेलों में सुधारात्मक योजनाओं को बढ़ावा देते हुए अब राज्य सरकार ने कैदियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और पहल की है। करनाल में भी अब जेल विभाग द्वारा संचालित इंडियन ऑयल का पेट्रोल पंप शुरू हो गया है, जिसमें जेल के अच्छे आचरण वाले कैदी सेवाएं दे रहे हैं।

रविवार को हरियाणा के पुलिस महानिदेशक (जेल) मोहम्मद अकील (आईपीएस) ने करनाल में इस पेट्रोल पंप का निरीक्षण किया। उन्होंने पंप पर कार्यरत कैदियों से बातचीत की और वहां उपलब्ध सुविधाओं व व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ जिला जेल अधीक्षक लखबीर सिंह और डीएसपी जेल विवेक सांगवान भी मौजूद रहे।

डीजीपी ने बताया कि सबसे पहला ऐसा पेट्रोल पंप कुरुक्षेत्र में स्थापित किया गया था, जो सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। करनाल के अलावा अब अम्बाला, यमुनानगर, हिसार व सोनीपत में भी इस योजना को लागू किया गया है। आने वाले समय में इसे फरीदाबाद, नूंह, सिरसा, जींद, नारनौल और भिवानी तक भी विस्तारित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन फ्यूल स्टेशनों पर पेट्रोल, डीजल और सीएनजी उपलब्ध है और यह 24 घंटे सेवाएं देंगे। इन पंपों से होने वाली सारी आय सीधे राज्य सरकार के खजाने में जाती है।

डीजीपी अकील ने स्पष्ट किया कि इन पंपों पर उन्हीं कैदियों को कार्य दिया जाता है जिनका व्यवहार जेल में बेहतर रहता है। उन्हें इसके बदले जेल नियमों के तहत मेहनताना भी दिया जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यों से कैदियों में न केवल अनुशासन और कार्यकुशलता का विकास होता है बल्कि समाज में लौटने के बाद उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है।

डीजीपी ने बताया कि जेलों के अंदर कुल 135 प्रकार के कार्य संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें पुरुष व महिला कैदियों के लिए पुस्तकालय, शिक्षा और स्वरोजगार के विभिन्न माध्यम शामिल हैं। जेलों में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी किए गए हैं ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

यह पहल न केवल जेल सुधार प्रणाली में एक नया अध्याय जोड़ती है, बल्कि समाज को यह संदेश भी देती है कि अपराधियों को दंड के साथ-साथ सुधारने का भी अवसर दिया जाना चाहिए, ताकि वे भविष्य में देश व समाज के लिए जिम्मेदार नागरिक बन सकें।

# करनाल शहर को स्वच्छता में राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए चुने जाने पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने दी बधाई



## ■ जनता और सफाई कर्मियों के सहयोग से मिली उपलब्धि, स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अधूरे काम भी होंगे पूरे

**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में करनाल शहर का नाम देश के सबसे स्वच्छ शहरों की सूची में शामिल होना सभी करनालवासियों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने करनाल शहर को स्वच्छता में राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए चुने जाने पर बधाई देते हुए कहा कि यह सफाई मित्रों की मेहनत, जनप्रतिनिधियों की भागीदारी और जनता के सहयोग का परिणाम है।

रविवार को भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि करनाल को यह सम्मान दूसरी श्रेणी (3 से 10 लाख की जनसंख्या वाले शहरों) में मिला है। यह सम्मान केंद्र सरकार की थर्ड पार्टी एजेंसी द्वारा किए गए सर्वेक्षण के आधार पर तय किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने लोगों से अपील की कि वे भविष्य में भी स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें ताकि करनाल की पहचान एक आदर्श स्वच्छ शहर के रूप में बनी रहे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने पायलट प्रोजेक्ट के तहत देश के 100 शहरों को चुना था, जिनमें करनाल भी शामिल है। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत शहर में काफी कार्य हुए हैं और जो कार्य अधूरे हैं, उन्हें भी जल्द पूरा किया जाएगा।


इस मौके पर करनाल विधायक जगमोहन आनंद, इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप, नीलोखेड़ी विधायक भगवानदास कबीरपंथी, असंध विधायक योगेंद्र राणा, नगर निगम महापौर रेनू बाला गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि कवींद्र राणा, पूर्व विधायक रमेश कश्यप, भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# लोहगढ़ में बन रहे बाबा बंदा सिंह बहादुर स्मारक के लिए 26 लाख रुपये का दिया योगदान

**एसबी संवाददाता**

**चंडीगढ़।** सिख विरासत के संरक्षण में उल्लेखनीय योगदान देते हुए तीन व्यक्तियों ने बाबा बंदा सिंह बहादुर मेमोरियल फाउंडेशन ट्रस्ट, लोहगढ़ को कुल 26 लाख रुपये का दान प्रदान किया। दान राशि के चेक यहां चंडीगढ़ में केंद्रीय विद्युत, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री श्री मनोहर लाल को औपचारिक रूप से सौंपे गए। इस अवसर पर हरियाणा सरकार के विशेष कार्याधिकारी डॉ. प्रभलीन सिंह भी उपस्थित थे, जो ट्रस्ट के कार्यों से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं।

इस नेक कार्य में सहयोग देने के लिए आगे आए दानदाताओं में एचबीएस और स्पेस फाइव आर्किटेक्ट ग्रुप के निदेशक श्री हरकरण सिंह बोपाराय शामिल हैं, जिन्होंने 11 लाख रुपये का योगदान दिया; एके कंस्ट्रक्शन ग्रुप के अध्यक्ष श्री अशोक शर्मा, जिन्होंने 10 लाख रुपये का दान दिया; और अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव प्राधिकरण के सदस्य एवं वड़ैच होम्योपैथिक क्लिनिक, पेहोवा के संस्थापक डॉ. अवनीत सिंह वड़ैच ने 5 लाख रुपये का योगदान देकर सहयोग प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि लोहगढ़ में बाबा बंदा सिंह बहादुर स्मारक का



निर्माण फाउंडेशन ट्रस्ट के मार्गदर्शन में भारत में प्रथम संप्रभु सिख शासन स्थापित करने वाले पूजनीय सिख योद्धा बाबा बंदा सिंह बहादुर के अद्वितीय साहस और बलिदान की स्मृति में किया जा रहा है।

इस स्मारक का उद्देश्य उनकी अदम्य वीरता का प्रतीक बनना और भारतीय इतिहास के इस प्रतिष्ठित व्यक्तित्व की विरासत को संरक्षित करके भावी पीढ़ियों को प्रेरित करना है।

# करनाल में सम्राट मिहिर भोज के नाम पर बनेगा चार मंजिला भवन

## 'युवाओं को मिलेगी छात्रावास, कोचिंग व लाइब्रेरी की सुविधा'

**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** करनाल के संत नगर स्थित राजपूत धर्मशाला में राजपूत सभा द्वारा सम्राट मिहिर भोज प्रतिहार के नाम पर एक चार मंजिला बहुउद्देश्यीय भवन के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। मंत्रोच्चारण के साथ आरंभ हुए इस भवन में छात्रावास, कोचिंग सेंटर और क्षत्रिय इतिहास पर आधारित पुस्तकालय स्थापित किए जाएंगे। भवन के मुख्य द्वार पर चक्रवर्ती सम्राट मिहिर भोज की भव्य प्रतिमा भी लगाई जाएगी।

भवन निर्माण की योजना के तहत ग्राउंड फ्लोर पर पार्किंग और कार्यालय, पहली मंजिल पर कोचिंग सेंटर और लाइब्रेरी, तथा तीसरी और चौथी मंजिल पर छात्रावास के कमरे बनाए जाएंगे। भविष्य में अनुमति मिलने पर ऊपरी मंजिलों पर अतिरिक्त निर्माण भी किया जाएगा। इस परियोजना पर करीब 5 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

इस मौके पर राजपूत सभा के प्रधान डॉ. नरेंद्र प्रताप सिंह, असंध से विधायक योगेंद्र राणा, हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान, कांग्रेस नेता सतीश राणा कैरवाली, महासचिव एडवोकेट बृजपाल राणा, उपाध्यक्ष मान सिंह राणा, कुंवर अमित सिंह, ओमवीर राणा, जिला परिषद सदस्य गुरदीप बीजना सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



पत्रकारों से बातचीत में वक्ताओं ने बताया कि यह भवन महाराणा प्रताप स्मृति भवन समिति के तत्वावधान में संचालित किया जाएगा और इसका उद्देश्य समाज के उन छात्रों को शैक्षणिक सुविधाएं देना है जो दूरदराज के गांवों से करनाल में पढ़ाई के लिए आते हैं। अब उन्हें एक ही छत के नीचे छात्रावास, कोचिंग और पुस्तकालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि यह संस्थान बिना पर्ची खर्ची के रोजगार की दिशा में युवाओं को सही मार्गदर्शन देगा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए एक आदर्श स्थान बनेगा।

वक्ताओं ने कहा कि सम्राट मिहिर भोज जैसे ऐतिहासिक योद्धाओं की गाथाओं से आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी। यह भवन केवल एक शैक्षणिक ढांचा नहीं बल्कि संस्कृति और इतिहास को जोड़ने वाला केंद्र भी होगा।

इस अवसर पर अजमेर सिंह पंवार, कुलदीप सिंह नंबरदार, कुलदीप पंवार, राजेंद्र सिंह ऊंचा समाना, तेजपाल बीजना, भूप सिंह राणा, बिशपाल राणा, दलवीर चौहान, सुभाष राणा, कृष्ण राघव, प्रवीण मुनक, कंवर पाल राणा, जयवीर फौजी सरपंच, प्रवीण सरपंच, राजवीर सिंह, प्रदीप राणा, अनिल चौहान, अक्षय राणा, मेहर सिंह सगा, विनय राणा, नरेश ठेकेदार, तेजपाल सालवान, श्याम सिंह राणा, गौरव राणा अरड़ना, दीपक मैनेजर सहित राजपूत समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे। यह पहल सामाजिक एकता, शिक्षा और इतिहास के संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय कदम मानी जा रही है।

# राजौंद के असंध मार्ग पर नगर के मौजिज नागरिकों की मीटिंग सम्पन्न

## नगर के विकास में आ रही अड़चन पर हुई चर्चा



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**राजौंद।** राजौंद के असंध मार्ग पर स्थित ब्ल्यू स्टार होटल में नगर के मौजीज नागरिकों की मीटिंग सम्पन्न हुई। मीटिंग में नगर के विकास पर एवं विकास की धीमी गति पर चर्चा हुई। प्रधान भीम सिंह राणा व प्रधान सन्नी शर्मा ने कहा कि सिवरेज पाईप लाईन दबाने में भारी खामी बरती जा रही है।

महाराणा प्रताप चौक के आसपास व बीरबागडा मार्ग पर पाइपों के जॉइंट नहीं मिलाने, पाइप की सील ठीक प्रकार से न लगाने, सीवरेज की पाइप के नीचे बेड ना लगने की बात सामने आई है। इस खामी को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एसडीओ जगदीश व ठेकेदार हरि सिंह को अवगत करवा दिया गया था। लेकिन विभाग द्वारा कोई सुधार नहीं किया गया है।

बताया गया कि पाइपों के नीचे बेड भी नहीं लगाया जा रहा है। जिससे इस सिवरेज के कामयाब होने पर प्रश्नचिन्ह लग गया है। सरकार व प्रशासन को इस मामले में संज्ञान लेते हुए खामियों को दूर करना चाहिए। निर्णय लिया गया कि सिवरेज की खामियों को मुख्यमंत्री हरियाणा के सामने उजागर किया जाएगा। मीटिंग में रामनिवास शर्मा व नरेन्द्र कुमार ने बताया कि राजौंद में बंदर पकड़ने वाले ठेकेदार द्वारा पिछले लंबे समय से नगर में बंदर घोटाला किया जा रहा है राजौंद के बंदरों को पड़कर आसपास ही छोड़ दिया जाता है। इस कारण से राजौंद नगर के बंदर खत्म नहीं हो पा रहे हैं। ठेकेदार मोटा मुनाफा कमा रहा है। इस ठेकेदार के आज तक के कार्यों की मुख्यमंत्री हरियाणा से विशेष जांच की प्रार्थना की जाएगी।

सोनू वर्मा ने बताया कि नगर में मोटी रकम पर प्रतिदिन के हिसाब से नगर में जेसीबी मशीन की सेवाएं ली जा रही है। जबकी राजौंद में इस का कोई खास काम देखने को नहीं मिल रहा है। यह बड़ा घोटाला है इस मामले की जांच मुख्यमंत्री हरियाणा से करवाने की प्रार्थना की जाएगी। राज सिंह फौजी, विजय कुमार ने कहा कि सिवरेज ठेकेदार को नगर में सिवरेज पाइप लाइन दबाने से पहले वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग बनाना चाहिए था। लेकिन ठेकेदार ने ऐसा नहीं किया। जिसने वाहन चालकों, राहगीरों, स्कूल जाते विद्यार्थियों के लिए भारी परेशानी पैदा कर दी है। एक तरफ सिवरेज के लिए खोदी जा रही सड़क-दूसरी तरफ की सड़क पर भारी खड्डे उस पर मानसून की बारिश ने नागरिकों का जीवन कष्टदायक बना दिया है। जिसका जिम्मेदार जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कैथल व सिवरेज ठेकेदार हैं।

इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी को भेजी जाएगी। बताया गया कि नगर के सरकारी हस्पताल डॉक्टरों की कमी है, पशु अस्पताल की इमारत कंडम हो चुकी है। तहसील परिसर की इमारत कंडम हो चुकी है। अनाज मंडी में दुकान में नहीं बनाई गई है। नगर के सरकारी कॉलेज की इमारत का कोई आता पता नहीं है। नगर में कोई पार्क नहीं है। स्कूल के खेल के मैदान में कोई लाइट नहीं लगाई गई है। सुबह-सुबह खेल मैदान में अभ्यास कर रहे खिलाड़ियों को भारी परेशानी हो रही है। सभी मार्ग व गलियां टूटी हुई है। नगर में पीने के पानी की पाइपलाइन दबाने का कार्य बीच अधर में लटका हुआ है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के पास माल खत्म हो गया है। पीने के पानी की पाइपलाइन जगह-जगह पर लीक है। लोगों के मकान क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। नगर पालिका में सफाई कर्मचारियों की भारी कमी है। इन सभी मामलों की शिकायत मुख्यमंत्री हरियाणा को भेजी जाएगी।

सभा में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि नगर में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए हरियाणा सरकार व उच्च प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायत भेजी जाएगी। सभा में सोनू वर्मा, मार्केट यूनियन राजौंद प्रधान भीम सिंह राणा, प्रधान सन्नी शर्मा, रामनिवास शर्मा, नरेश कुमार, राज सिंह फौजी, विजय कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# पूर्व की सरकारों ने ओबीसी मेहनतकश वर्ग के साथ केवल धोखा किया: कैबिनेट मंत्री श्री रणबीर गंगवा

**एसबी संवाददाता**

**चंडीगढ़।** भिवानी में सन्त महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के अन्तर्गत मनाये गए महाराजा गुरु दक्ष प्रजापति जयंती के राज्यस्तरीय समारोह के संयोजक एवं प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने कहा आज का दिन प्रजापति समाज के लिए बड़ा दिन है। उन्होंने अपने सम्बोधन के दौरान मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के समक्ष प्रजापति समाज से जुड़ी कई मांगे भी रखी। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोकनिर्माण मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रजापति समाज मेहनतकश समाज है, यह मोस्ट बैकवर्ड के अंदर आता है। पूर्व की सरकारों के अंदर इस समाज के साथ बहुत अन्याय हुआ है, लेकिन बीजेपी सरकार ने ना सिर्फ इस समाज को सम्मान दिया, साथ ही हर वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ने का काम किया है। पूर्व की सरकारों ने ओबीसी मेहनतकश वर्ग के साथ केवल धोखा किया था, उस समय इस समाज के पास ना तो ज्यादा पॉलिटिकल पॉवर होती थी और ना ही उनके पास पैसा होता था, इसलिए हमारे बच्चे सरकारी नौकरी के योग्य होते हुए भी उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया जाता था।

# पौधारोपण के नाम पर भ्रष्टाचार, हरियाणा में 970 करोड़ खर्च कर भी नहीं बढ़ी हरियाली: कुमारी सैलजा

**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**हरियाणा।** सिरसा से सांसद और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव कुमारी सैलजा ने हरियाणा की हरियाली परियोजनाओं पर बड़ा सवाल उठाते हुए वन विभाग की कार्यशैली को कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने पर्यावरण संरक्षण के नाम पर जनता के पैसे की खुली लूट की है। लगभग 970 करोड़ रुपये खर्च करने के बावजूद राज्य का हरित क्षेत्र केवल 10.72 वर्ग किलोमीटर ही बढ़ पाया है।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि पौधारोपण से जुड़े घोटाले केवल हरियाणा तक सीमित नहीं हैं, बल्कि मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में भी भारी गड़बड़ियां सामने आई हैं। कहीं पौधारोपण हुआ ही नहीं, कहीं कम किया गया और ज्यादा दिखाया गया, तो कहीं



पौधे सूख गए और उनके रखरखाव की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली।

सैलजा ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस हरियाली को जीवनदायिनी माना जाता है, वही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है। उन्होंने मांग की है कि इन परियोजनाओं की स्वतंत्र और पारदर्शी जांच कराई जाए और जिन अधिकारियों या एजेंसियों की भूमिका संदिग्ध है, उनके खिलाफ सीबीआई या उच्च न्यायालय की निगरानी में कार्रवाई हो। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि हरियाणा का वन विभाग अपने मूल कार्यों से भटक चुका है। पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने की बजाय, वह अब नगर परिषद, जन स्वास्थ्य और लोक निर्माण विभाग जैसे अन्य विभागों के विकास कार्यों में अनावश्यक रुकावटें पैदा कर रहा है। कहीं पर फर्जी पौधारोपण दिखाकर जरूरी विकास योजनाओं को रोका जा रहा है।

कुमारी सैलजा ने स्पष्ट कहा कि कांग्रेस पार्टी हरियाणा की जनता के हितों के लिए इस मुद्दे को सड़क से संसद तक उठाएगी। उन्होंने मांग की कि खर्च की गई राशि का जनसुनवाई के जरिए सार्वजनिक ऑडिट भी कराया जाए ताकि पारदर्शिता कायम हो और दोषियों को सजा मिले।

# हरियाणा ने नूंह जिले में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद की

**एसबी संवाददाता**

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने 13 जुलाई, 2025 (21:00 बजे) से 14 जुलाई, 2025 (21:00 बजे) तक जिला नूंह के अधिकार क्षेत्र में वॉयस कॉल को छोड़कर मोबाइल इंटरनेट सेवाओं (2जी/ 3जी/ 4जी/ 5जी/ सीडीएमए/जीपीआरएस), बल्क एसएमएस (बैंकिंग और मोबाइल रिचार्ज को छोड़कर) और मोबाइल नेटवर्क पर प्रदान की जाने वाली सभी डोंगल सेवाओं आदि को बंद कर दिया है।

इस संबंध में सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। प्रवक्ता ने बताया कि जिला नूंह में पुख्ता कानून व्यवस्था के साथ साथ किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना के मद्देनजर, मोबाइल फोन और एसएमएस पर विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों जैसे व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर आदि के माध्यम से गलत सूचना और अफवाहों के प्रसार को रोकने के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को निलंबित कर दिया गया है।

प्रवक्ता ने बताया कि यह आदेश सार्वजनिक सुविधा का पूरा ध्यान रखते हुए जारी किया गया है, जिसमें व्यक्तिगत एसएमएस, मोबाइल रिचार्ज, बैंकिंग एसएमएस, वॉयस कॉल, कॉर्पोरेट और घरेलू परिवारों की ब्रॉडबैंड और लीज लाइनों द्वारा प्रदान की जाने वाली इंटरनेट सेवाओं को छूट दी गई है, जिससे राज्य के वाणिज्यिक/वित्तीय हित और व्यक्तियों की बुनियादी घरेलू आवश्यकताएं प्रभावित नहीं होंगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा के सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को इस आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।